




बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) में एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 11 जून 2026 | दिन - गुरुवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 134 | मूल्य - 5 रुपये







● बालाघाट ● वारासिवनी ● कटंगी ● बैहर ● मलाजखंड ● लांजी ● किरनापुर ● परसवाड़ा ● लालबर्रा

● गोंदिया - भंडारा ● तिरोड़ा ● आमगांव ● गोरेगांव ● सालेकसा ● देवरी ● साकोली






दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# कांग्रेस ने उपवास रखकर दिया धरना, कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर जलाया पुतला..







**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि भारतीय जनता पार्टी वोट चोरी करते-करते, सीट चोरी पर उतर आई।

गांधी वादी विचारधारा से प्रेरित सीधी सरल महिला सुश्री मीनाक्षी नटराजन को कांग्रेस द्वारा राज्यसभा के लिए मध्यप्रदेश से अपना प्रत्याशी घोषित किया, क्योंकि कांग्रेस के पास राज्यसभा भेजने हेतु पर्याप्त संख्या बल था। भारतीय जनता पार्टी की मंशा उसी समय स्पष्ट हो गई थी जब उनके पास म.प्र. में राज्यसभा के लिए तीसरा प्रत्याशी पर्याप्त विधायको की संख्या नही होने के बाद भी चुनाव में उतारा। उनके द्वारा कांग्रेस विधायकों को खरीदने के प्रयास भी किए गए जब इन प्रयासों में सफलता नही मिली तो चुनाव आयोग का सहारा लेकर सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन फॉर्म निरस्त करा दिया गया। भाजपा चाहती ही नहीं कि देश में विपक्ष नाम की कोई चीज रहें, वह सरकारी तंत्र का दुरूपयोग कर किसी भी तरह सत्ता में काबिज रहना चाहती है। देश के संविधान को तार-तार करने वाली बीजेपी ने मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त कराकर, अपनी महिला विरोधी मानसिकता को बताया है।

यह पहली घटना नही है जिस तरह भाजपा ने देश के लोकतंत्र को कई बार शर्मसार किया है, वही भाजपा ने भ्रष्टाचार, बलात्कार, हत्या में लिप्त अनेक अपराधियों को नियमों को ताक में रखकर देश के प्रमुख पदों पर बैठा दिया है, भारतीय जनता पार्टी की यही हरकत रही तो देश में लोकतंत्र नहीं रहेंगा।

जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा इस घटना के विरोध में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा के सामने 11 बजे से शाम 4 बजे तक उपवास रखकर धरना दिया गया, जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया गया, जिला युवा कांग्रेस द्वारा कचहरी चौक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेन्द्रसिंह का पुतला जलाया गया।

इस अवसर पर जेपीएस तिवारी, जिला कांग्रेस संगठन महासचिव हाजी मो. हनीफअंसारी, मोहनसिंह चंदेल, शिवराम सनोडिया, विष्णु करोसिया, अतुलचंद मालू, घनश्याम सनोडिया, यशपाल भलावी, राजिक अकील, आजम दीवान अली, नगर कांग्रेस अध्यक्ष तनवीर अहमद, तेजसिंह रघुवंशी, रंजीत यादव, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य मोन्टू भूरा, विजय उइके, नितिन डेहरिया, प्रवेश बाबू भालोटिया,श्रीमती पवन रेखा रिनायत, पदम सनोडिया, अशोक सिरसाम, उदयसिंह बघेल, विनोद यादव, विनोद नामदेव, शिवदीप डेहरिया, पंकज मिश्रा, जिला एनएसयुआई अध्यक्ष धनंजयसिंह, हुकुमचंद सनोडिया, ठा. जयप्रकाशसिंह परिहार, शंकरलाल डेहरिया, कुलदीप काकोडिया, प्रखर शर्मा, दयालु सिंह मरकाम, राज महेश सिंह बघेल, आशीष बघेल, आरिफ सफरी, सतेन्द्र बघेल, अदनान खान, आकाश जांगडे, डालचंद पप्पु पुसाम, ऋषभ ठाकुर, विकास सनोडिया सहित बडी संख्या में कांग्रेस जन की उपस्थिति रही।

# हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिले के छपारा थाना क्षेत्र के डुंगरिया गांव स्थित हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी हो गया।***

अज्ञात चोरों ने मंदिर में स्थापित भगवान हनुमान की प्रतिमा पर चढ़ा मुकुट चुरा लिया। घटना का पता मंगलवार रात तब चला, जब मंदिर के पट बंद करने पहुंचे पुजारी ने मुकुट गायब देखा। डुंगरिया का हनुमान मंदिर ग्रामीणों की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। मंगलवार रात मंदिर परिसर सामान्य रूप से बंद किया गया था। रात में जब पुजारी ने भगवान की प्रतिमा पर चांदी का मुकुट नहीं देखा, तो ग्रामीणों को इसकी सूचना दी गई।



## लोगों की भीड़ मंदिर परिसर में जमा हो गई..

घटना की सूचना मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ मंदिर परिसर में जमा हो गई। धार्मिक स्थल से चोरी की घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। उन्होंने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और चोरी हुए मुकुट की बरामदगी की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर में वर्षों से श्रद्धालुओंद्वारा भेंट किए गए आभूषण सुरक्षित रखे जाते थे, लेकिन इस घटना से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। मामले की सूचना छपारा थाना पुलिस को दी गई।

## सीसीटीवी कैमरों की खंगाल रही पुलिस..

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की। चोरी की घटना से जुड़े संभावित सुराग जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर में प्रवेश कर मुकुट चोरी किए जाने की आशंका है। पुलिस ने जल्द ही मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया है। इस बीच, ग्रामीणों ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और रात्रिकालीन निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

# जनसुनवाई में मिली राहतः बिन्नी बाई को स्वीकृत हुई मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन..

## कलेक्टर नेहा मीना के निर्देश पर तत्काल हुई कार्रवाई..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिला मुख्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई एक बार फिर जरूरतमंद नागरिक के लिए राहत का माध्यम बनी। जनसुनवाई में पहुंची ग्राम अटामा निवासी श्रीमती बिन्नी बाई कवरेती की पेंशन संबंधी समस्या का जिला प्रशासन ने तत्परता से निराकरण करते हुए उन्हें मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन का लाभ दिलाया।

जनपद पंचायत छपारा की ग्राम पंचायत सुकरी अंतर्गत ग्राम अटामा निवासी श्रीमती बिन्नी बाई कवरेती ने जनसुनवाई में उपस्थित होकर बताया कि आर्थिक कठिनाइयों के बीच उन्हें सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा था। पेंशन स्वीकृत न होने से दैनिक जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।



मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर सुश्री नेहा मीना ने सामाजिक न्याय विभाग को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग संदीप परते ने प्रकरण का परीक्षण कराया। विभागीय अधिकारियों द्वारा आवश्यक दस्तावेजों एवं पात्रता की जांच कर तकनीकी बाधाओं का निराकरण किया गया।

त्वरित कार्रवाई के परिणामस्वरूप जनपद पंचायत छपारा के माध्यम से श्रीमती बिन्नी बाई कवरेती के पक्ष में मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन की स्वीकृति जारी कर दी गई। जनसुनवाई में ही समस्या का समाधान होने पर हितग्राही ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया।

कलेक्टर श्रीमती मीना के निर्देशन में जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि पात्र व्यक्तियों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

# प्राचीन सूर्य मंदिर में 12 से 13 जून तक पंचम पाटोत्सव

**होंगे मांगलिक अनुष्ठान एवं विशाल भंडारा..**

## ऐतिहासिक सूर्य मंदिर में जुटेंगे श्रद्धालु, भजन संध्या का भी होगा आयोजन..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***श्री सिद्ध शनिधाम ट्रस्ट पलारी सीलादेही के तत्वावधान में टैगोर वार्ड स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक सूर्य मंदिर में पंचम पाटोत्सव पर्व के अवसर पर 12 एवं 13 जून 2026 को दो दिवसीय***





धार्मिक आयोजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है तथा बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने की संभावना है।

## कलचुरी युगीन मंदिर बना आस्था का प्रमुख केंद्र

जिला मुख्यालय के टैगोर वार्ड स्थित यह प्राचीन सूर्य मंदिर कलचुरी युग में निर्मित माना जाता है। मंदिर का जीर्णोद्धार श्री सिद्ध शनिधाम ट्रस्ट पलारी टेकरी एवं समाजसेवियों के सहयोग से कराया गया, जिसके बाद यहां भगवान सूर्य देव की विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। वर्तमान में यह मंदिर सनातन धर्मावलंबियों के लिए प्रमुख आस्था केंद्र बन चुका है।

## सूर्योदय की पहली किरण सीधे गर्भगृह में पहुंचती है

मंदिर की विशेषता यह है कि सूर्योदय होते ही सूर्य की पहली किरण सीधे मंदिर के गर्भगृह में विराजमान भगवान सूर्य देव पर पड़ती है। मंदिर परिसर में 16 खंभों पर निर्मित यज्ञशाला श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

## 12 जून को होंगे गणेश-गौरी पूजन एवं ध्वजारोहण..

आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 12 जून को सूर्योदय से गणेश-गौरी पूजन, सूर्य अभिषेक एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित होंगे। समस्त धार्मिक अनुष्ठान प्रकांड पंडितों की उपस्थिति में संपन्न कराए जाएंगे।

## 13 जून को हवन, सूर्यार्चन एवं आदित्य हृदय स्त्रोत पाठ..

13 जून को सूर्योदय से सूर्य अभिषेक एवं हवन होगा। इसके पश्चात सूर्यार्चन, सूर्यार्ध्य, सूर्य कवच एवं आदित्य हृदय स्त्रोत पाठ सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्रद्धालुओं से इन मांगलिक अनुष्ठानों में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की गई है।

## शाम को विशाल भंडारा एवं भजन संध्या

पाटोत्सव के अंतिम दिन 13 जून को विशाल भंडारे एवं भजन संध्या का आयोजन रखा गया है। समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

## पंडित नीरज तिवारी के सान्निध्य में होंगे धार्मिक अनुष्ठान..

समस्त धार्मिक कार्यक्रम पंडित नीरज तिवारी एवं प्रधान पुजारी अंशु तिवारी तथा अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न कराए जाएंगे। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से समय का विशेष ध्यान रखते हुए सूर्य देव को जल अर्पित करने का आग्रह किया है, जिससे पितृ दोषों का निवारण एवं सुख-शांति की प्राप्ति हो सके।

## मंदिर परिसर में धार्मिक पौधों का विशेष महत्व..

समिति के संतोष अग्रवाल ने बताया कि मंदिर परिसर में हिंदू धर्म की मान्यता अनुसार बेलपत्र, पीपल, रुद्राक्ष, आंवला, समी एवं सिंदूर जैसे धार्मिक महत्व वाले पौधों का रोपण किया गया था, जो अब बड़े वृक्ष बन चुके हैं।

इसके अलावा परिसर में फलदार पौधे, बैठने की व्यवस्था, बच्चों के लिए झूले एवं सूर्य देव को अर्घ्य देने हेतु विशेष अर्घ्य कुंड भी बनाया गया है। कार्यक्रम में सांसद विधायक सहित जनप्रतिनिधि एवं धर्म प्रेमी उपस्थित रहेंगे

## श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील..

प्राचीन सूर्य मंदिर महिला समिति एवं प्राचीन सूर्य मंदिर दुर्गा उत्सव समिति ने सभी श्रद्धालुओं से सहपरिवार पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता करने एवं पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# बैनगंगा नदी में डूबने से किसान की मौत

**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिले के उगली थाना क्षेत्र में बैनगंगा नदी में डूबने से किसान की मौत हो गई। घटना मंगलवार शाम करीब 6 बजे सरेखा कला संगम घाट पर पिंडदान कार्यक्रम के दौरान हुई। देर रात तक चले खोज अभियान के बाद शव नदी से बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान ग्राम रेचना निवासी मोहरसिंह राणा (50) के रूप में हुई है। वे अपने परिवार और समाज के अन्य सदस्यों के साथ ग्राम दुरैन्दा निवासी अपनी नानी स्वर्गीय उमनबाई का पिंडदान करने सरेखा कला संगम घाट पहुंचे थे।

## नहाते समय गहरे पानी में चले गए किसान..

धार्मिक अनुष्ठान और पिंडदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिवार के सदस्य बैनगंगा नदी में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान किसान गहरे पानी में चले गए और डूब गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मोहरसिंह को डूबता देख आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया। हालांकि, नदी के गहरे पानी और तेज बहावके कारण वे कुछ ही क्षणों में पानी में समा गए। घटना के बाद परिजनों ने तत्काल उगली थाना पुलिस को सूचना दी।

## चेतावनी बोर्ड लगाने और सुरक्षा बढ़ाने की मांग..

सूचना मिलते ही उगली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय प्रशासन की सहायता से खोजबीन शुरू की गई। नदी में नाव चालकों और अनुभवी गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन चलाया गया। काफी मशक्कत के बाद देर रात किसान का शव नदी से बाहर निकाला जा सका। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। उगली थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन से नदी के गहरे क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड लगाने और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# भैरोगंज से पीजी कॉलेज तक सड़क बनी परेशानी का सबब

## जगह-जगह गड्ढों से बढ़ी मुसीबत, राहगीरों और विद्यार्थियों को हो रही परेशानी..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***भैरोगंज क्षेत्र से पीजी कॉलेज तक जाने वाली मुख्य सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर क्षेत्रवासियों में लगातार नाराजगी बढ़ रही है। वर्षों पहले निर्मित यह सीसी सड़क अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है।***



सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि वे लंबे समय से सड़क के नवनिर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन नगर पालिका परिषद द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। यह मार्ग शहर के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों से जुड़ा होने के कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक, कर्मचारी एवं आम नागरिक आवागमन करते हैं। सड़क की खराब स्थिति के कारण साइकिल और दोपहिया वाहन चालकों को विशेष रूप से परेशानी उठानी पड़ रही है। गड्ढों से बचते हुए वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।बरसात के मौसम में स्थिति और गंभीर हो जाती है। गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई दिखाई नहीं देती, जिससे वाहन चालक अक्सर असंतुलित हो जाते हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि कई बार छोटे-बड़े हादसे भी हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद सड़क सुधार के लिए कोई प्रभावी पहल नहीं की गई।क्षेत्रवासियों का आरोप है कि कई बार जनप्रतिनिधियों और नगर पालिका अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन केवल आश्वासन ही मिले। लोगों का कहना है कि शहर के महत्वपूर्ण मार्गों में शामिल होने के बावजूद इस सड़क की लगातार उपेक्षा की जा रही है।

क्षेत्रीय नागरिक दिनेश ठाकुर, महेन्द्र मिश्रा, सुनील अग्रवाल, कुलदीप ठाकुर, विकास अग्रवाल, मंगल बघेल, राजेन्द्र चंद्रवंशी, मुकेश दुबे, जितेन्द्र बघेल सहित अन्य नागरिकों ने नगर पालिका परिषद से मांग की है कि भैरोगंज से पीजी कॉलेज तक की जर्जर सड़क का शीघ्र नवनिर्माण कराया जाए, ताकि आमजन और विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो वे जनहित में आंदोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होंगे।

## लगातार चल रही है श्री सत्य साई सेवा समिति नित्य नारायण सेवा..







**जगप्रेरणा सिवनी।**

नित्य नारायण सेवा जो जिला चिकित्सालय सिवनी में चलाई जा रही है इसमें सभी का सहयोग मिल रहा है। अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ आये अटेण्डर की आवश्यकता को देखते हुए, उनके भोजन पैकेट की व्यवस्था करना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है जिसमें श्री सत्य साई सेवा समिति के माध्यम से पिछले एक वर्ष 29 जून 2025 से लगातार बिना रुकावट के प्रतिदिन संचालित हो रही है माह की प्रत्येक तिथि और दिन ग्रामवार आवंटित कर दिये गये हैं जिसके अनुसार ग्रामवासी स्वयं घरों से फुड पैकेट कलेक्ट कर नियमानुसार प्रातः 10 बजे से 11 बजे के बीच जिला चिकित्सालय सिवनी पहुचाते है जहाँ पहले से उपस्थित सेवा दल के सदस्य विधिवत श्री सत्य साई सेवा समिति के बैनर तले सुसज्जित टेबल में पैकेटों को जमाकर वैदिक मंत्रों के साथ कतारबद्ध लगे जरूरतमंद लोगों को बड़े प्रेम से बांटते हैं जानकारी के अनुसार 31 मई 2026तक 40196 फुड पैकेट जो 21275 परिवारों के सहयोग से 2400 पुरुष सेवा दल एवं 260 महिला सेवा दल के हाथ से वितरित किए गए हैं। आगामी 28 जून को योजना के एक वर्ष पूर्ण होने पर एक व्रहद कार्यक्रम कर सेवा भगवान् को समर्पित की जाएगी एवं स्वामी से प्रार्थना करेंगे कि यह जनहितकारी योजना उनके आशीर्वाद से अनवरत चलती रहे।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
मिलने का समय सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
मो.- 8817448039

सिवनी में जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये
संपर्क करें..हसीब मोहम्मद 7898530101

कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800

जग प्रेरणा
# शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975

# लोकतंत्र की हत्या कर रही भाजपा सरकार, अब वोट नहीं सीट चोरी और अधिकारों की डकैती हो रही है - श्याम पंजवानी

## बालाघाट में शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द करने पर कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन..



**जगप्रेरणा बालाघाट।** *राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में बुधवार को बालाघाट के काली पुतली चौक पर कांग्रेस द्वारा जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर भाजपा सरकार*

के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। धरने को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं का लगातार दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां वोटों की चोरी कर सरकारें बनाई जाती हैं, वहीं पैसों और प्रलोभनों के दम पर चुनी हुई सरकारों को गिराया जाता है।

अब भाजपा सरकार लोकतंत्र नहीं, बल्कि सत्ता के अहंकार, षड्यंत्र और तानाशाही के बल पर चल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार वोट चोरी से आगे बढ़कर अब जनता के संवैधानिक अधिकारों की डकैती पर उतर आई है। संविधान का गला घोंटकर लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला जा रहा है। राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन के नामांकन पर आपत्ति लगाकर और चुनाव आयोग पर दबाव बनाकर उसे निरस्त करवाना लोकतंत्र की खुली हत्या है।

पंजवानी ने कहा कि यह हमला केवल एक उम्मीदवार पर नहीं, बल्कि संविधान, लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनता के अधिकारों पर सीधा प्रहार है। भाजपा विपक्ष की आवाज को दबाने का हरसंभव प्रयास कर रही है, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता डरने, झुकने और रुकने वाले नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि अहंकार कभी स्थायी नहीं रहा। रावण का घमंड भी चकनाचूर हुआ था और सत्ता के मद में चूर यह सरकार भी जनता की अदालत में जवाबदेह होगी। लोकतंत्र का गला घोंटने वालों को आने वाले समय में जनता करारा जवाब देगी। कांग्रेस के धरना आंदोलन में प्रमुख रुप से जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार, सुशील पालीवाल, जुगल शर्मा, कैलाश साहू, श्याम पंजवानी, जीतू राजपूत, जीतू बर्वे, भूरू पटेल, अनिल सोनी, अनिल बनोट, करण लिल्हारे, नरेंद्र मेश्राम, शिवम विश्वकर्मा, शिवम शर्मा, श्रीनिवास राव, अल्ला रखा, जयकृष्ण डिंगरू, शाहबाज़ अहमद, प्रवीण मदनकर, प्रतीक जैन, रामभाऊ पंचेश्वर, नितिन शिवहरे, धर्मेंद्र बोपचे, अफरोज कुरैशी, विवेक नागरे, नीटू कौशल, मधु गजभिए, पूजा गोस्वामी, विक्की पिछड़े, रामसिंग भाटिया, प्रतीक जैन, ऋषभ सहारे, सोमेंद्र बांसोड, तेजलाल सुलझे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बोले सम्राट सिंह सरसवार..

धरने को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन एक गांधीवादी विचारधारा की सशक्त नेता हैं। कांग्रेस ने महिला सम्मान और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देते हुए उन्हें राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया था, लेकिन भाजपा ने छल, कपट और राजनीतिक षड्यंत्र का सहारा लेकर उनके नामांकन को निरस्त करवाया। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरी प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस पक्ष की बात सुनने तक का अवसर नहीं दिया गया। यहां तक कि पार्टी के वकीलों को भी अंदर प्रवेश नहीं करने दिया गया, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि प्रलोभन, धनबल और सत्ता के दुरुपयोग से बनी यह सरकार अपनी नैतिकता खो चुकी है और सत्ता बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। सरस्वार ने कहा कि किसानों, महिलाओं, युवाओं और आम जनता से किए गए वादों को भूल चुकी भाजपा सरकार का असली चेहरा अब जनता के सामने बेनकाब हो चुका है। महंगाई, बेरोजगारी और जनविरोधी नीतियों ने जनता का जीना मुश्किल कर दिया है। आने वाले समय में जनता भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरे को पहचानकर उसे लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब देगी।

# सावधान! 14 जून तक आंधी-तूफान और बिजली गिरने की संभावना के साथ होगी वर्षा..

## किसानों को सतर्क रहने की दी गई सलाह..



**जगप्रेरणा बालाघाट।** *भारत मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से प्राप्त 5 दिवसीय मध्यम श्रेणी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बालाघाट जिले में 10 से 14 जून 2026 के दौरान मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। इस अवधि में जिले में मध्यम बादल छाए रहने, हल्की वर्षा होने, आंधी-तूफान चलने तथा बिजली गिरने की संभावना व्यक्त की गई है। साथ ही हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है।*

जिला कृषि मौसम इकाई, कृषि विज्ञान केंद्र बालाघाट द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार इस अवधि में जिले का अधिकतम तापमान 41 से 42 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 27 से 28 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। सुबह के समय वायुमंडलीय आर्द्रता 58 से 60 प्रतिशत तथा दोपहर में 43 से 45 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आगामी दिनों में दक्षिण दिशा से 6 से 7 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से हवाएं चलने की संभावना है। तेज हवा, गरज-चमक और बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए किसानों एवं आम नागरिकों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

कृषि विज्ञान केंद्र बड़गांव-बालाघाट के वैज्ञानिक डा धर्मेन्द्र अगासे ने बताया कि किसानों से अपील की गई है कि वे मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए कृषि कार्यों की योजना बनाएं तथा खराब मौसम के दौरान खेतों एवं खुले स्थानों में अनावश्यक रूप से जाने से बचें। वहीं पशुपालकों को भी पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर रखने की सलाह दी गई है। जिला कृषि मौसम इकाई ने कहा है कि मौसम संबंधी ताजा जानकारी एवं सलाह के लिए किसान नियमित रूप से कृषि विज्ञान केंद्र और मौसम विभाग द्वारा जारी बुलेटिन का अवलोकन करते रहें।

SARDAR PATEL UNIVERSITY
BALAGHAT (M.P.)
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time /Full Time
AICTE Approved
• Civil Engg.
• Mechanical Engg.
• Electrical Engg.
• Mining Engg.
• Computer Sc. & Engg.
• Mining & Mine Surveying
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
B.Tech. (AI & ML)
100% Job Oriented Program
PHARMACY
PCI Approved
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
Pharmacology /Pharmaceutics
MBA PHARMACEUTICAL MANAGEMENT
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.) • M.Sc.(Ag.)
• B.Tech (Agril) • Diploma
ABM AGRI BUSINESS MANAGEMENT
LAW
• B.A. LL.B.
• LL.B. • LL.M.
BCI Approved
MANAGEMENT
• BBA (Hons.) • MBA • BHM
BAMS SARDAR PATEL AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
BHMS S.M. DEO HOMOEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.)
9174192111, 9174202111, 9174212111

# बालाघाट में नवीन विश्वेश्वरैया भवन में संचालित होंगे अब 09 शासकीय कार्यालय..



**जगप्रेरणा बालाघाट।** *जिले में शासकीय कार्यालयों को बेहतर अधोसंरचना एवं नागरिकों को सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पुनर्घनत्वीकरण योजना के अंतर्गत निर्मित नवीन विश्वेश्वरैया*

भवन अब विभिन्न विभागों के कार्यालयों का नया केंद्र बनने जा रहा है। कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने एवं पुराने आरटीओ कार्यालय परिसर में निर्मित यह आधुनिक तीन मंजिला भवन पूरी तरह तैयार हो चुका है, जिसमें विभिन्न विभागों के कुल 09 शासकीय कार्यालयों को स्थानांतरित किया जा रहा है। जिला प्रशासन के अनुसार वर्तमान में इनमें से कई कार्यालय जिला पंचायत के पुराने भवन, निजी भवनों तथा अन्य स्थानों पर संचालित हो रहे हैं। अलग-अलग स्थानों पर कार्यालय संचालित होने के कारण आम नागरिकों को विभिन्न कार्यों के लिए कई जगहों पर जाना पड़ता था। नवीन भवन में इन कार्यालयों के एकीकृत संचालन से नागरिकों को काफी सुविधा मिलेगी।

### इन विभागों के कार्यालय होंगे संचालित

नवीन विश्वेश्वरैया भवन में लोक निर्माण विभाग (सेतु संभाग), लोक निर्माण विभाग (भवन संभाग), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना इकाई क्रमांक-01, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना इकाई क्रमांक-02, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की प्रयोगशाला (लेबोरेटरी), जिला रोजगार कार्यालय, बाल विकास परियोजना (शहरी) कार्यालय, वाणिज्यिक कर कार्यालय एवं टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (नगर तथा ग्राम निवेश) कार्यालय स्थानांतरित किए जा रहे हैं। लोक निर्माण विभाग के सेतु संभाग सहित कुछ कार्यालयों का नवीन भवन में संचालन प्रारंभ भी हो चुका है तथा शेष कार्यालयों का स्थानांतरण चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। विश्वेश्वरैया भवन को आधुनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। विशाल कक्षों, बेहतर बैठक व्यवस्था, पर्याप्त पार्किंग, सुगम आवागमन और नागरिक सुविधाओं से युक्त यह भवन प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने में सहायक होगा।

# मंडी शुल्क बढ़ाकर 1.50 रुपये किया गया, कृषक कल्याण का मार्ग प्रशस्त..

## कोल्ड स्टोरेज, वेयरहाउस, प्रसंस्करण इकाइयों और कृषि अधोसंरचना के विकास को मिलेगा प्रोत्साहन

**जगप्रेरणा बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में 09 जून को हुई राज्य मंत्री परिषद की बैठक में प्रदेश के किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए मंडी शुल्क में वृद्धि का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। अब कृषि उपज पर लिया जाने वाला मंडी शुल्क एक रुपये के स्थान पर बढ़ाकर 1.50 रुपये किया जाएगा। इस निर्णय का उद्देश्य कृषि विपणन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना, किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा कृषि अधोसंरचना के विकास को गति देना है। सरकार के इस निर्णय से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त राशि का उपयोग किसानों के हित में विभिन्न विकासात्मक कार्यों पर किया जाएगा। विशेष रूप से जिलों में कोल्ड स्टोरेज, वेयरहाउस, कृषि प्रसंस्करण इकाइयों तथा लॉजिस्टिक सुविधाओं के विकास और विस्तार को बढ़ावा मिलेगा, जिससे किसानों को अपनी उपज के बेहतर भंडारण और विपणन की सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। मंत्रि-परिषद के निर्णय के अनुसार बढ़ाए गए शुल्क में से 50 पैसे विपणन विकास निधि के अंश के रूप में किसानों के कल्याण और कृषि अधोसंरचना विकास के लिए उपयोग किए जाएंगे। वहीं निराश्रित शुल्क को पूर्ववत 20 पैसे ही रखा गया है। मंडी शुल्क में वृद्धि के इस निर्णय से चालू वित्तीय वर्ष में लगभग 500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय प्राप्त होने का अनुमान है। शासन द्वारा यह राशि कृषि क्षेत्र के दीर्घकालीन विकास, किसानों की सुविधा और ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूत बनाने में व्यय की जाएगी। शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार अतिरिक्त प्राप्त राशि में 20 पैस - किसान सड़क निधि (ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण हेतु में, 10 पैसे - मंडियों की मूलभूत अधोसंरचना के विकास हेतु किसान सड़क निधि में, 12 पैसे - गौ-संवर्धन एवं संरक्षण निधि में, 2 पैसे - मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना में, 1.75 पैसे ङ्क प्रचार-प्रसार एवं कृषक सम्मेलन आयोजन में एवं 4.25 पैसे ङ्क कृषि अनुसंधान एवं कृषि अधोसंरचना विकास निधि में उपयोग किये जायेंगें। विशेषज्ञों के अनुसार मंडी शुल्क में की गई यह वृद्धि कृषि क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

स्वामी विवेकानन्द
प्रा. आई.टी.आई.
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
न्यूनतम शुल्क सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार रोजगार हेतु नियमित कैम्पस
Skill India
DGT & NCVT
मोती तालाब के पास, सुरभी नगर, बालाघाट
मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832
ADMISSION OPEN 2026-27
NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त

# खरीफ सीजन 2026 की तैयारियों की कलेक्टर मृणाल मीना ने की समीक्षा, उर्वरक वितरण पर सख्त निगरानी के निर्देश..



**जगप्रेरणा बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर खरीफ सीजन 2026 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने किसानों को समय पर उर्वरक, बीज, सिंचाई एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बैठक में उर्वरकों की उपलब्धता, भंडारण एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने उर्वरक उठाव पर सतत निगरानी रखने, भूमि रकबे के अनुसार सत्यापन करने तथा अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण एवं स्टॉक का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने धान, अरहर, कोदो, कुटकी, रागी, रामतिल सहित खरीफ फसलों के गुणवत्तायुक्त बीज किसानों को समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, मोटे अनाजों के रकबे का सही रिकॉर्ड रखने तथा किसानों को जैविक खेती के लाभों से अवगत कराने पर भी जोर दिया। बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई योजनाओं की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने नरवाई जलाने पर सख्त कार्रवाई करने तथा किसानों को वैकल्पिक अवशेष प्रबंधन तकनीकों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कृषि उपज मंडियों में किसानों को अनावश्यक प्रतीक्षा न हो, इसके लिए मंडी संचालन में सुधार के निर्देश दिए गए। पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए मत्स्य पालकों को समय पर मत्स्य बीज उपलब्ध कराने और किसानों तक सभी योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर जोर दिया गया।

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
अजय रजक गढ़ी
मो. 84353 19391

# परसवाड़ा तहसील परिसर में व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर शिकायत, जांच की मांग



जगप्रेरणा परसवाड़ा (बालाघाट)।

***ग्राम पंचायत परसवाड़ा के पंच एवं सामाजिक कार्यकर्ता द्वारका वंशपाल ने तहसील एवं एसडीएम कार्यालय परिसर में कथित अवैध अतिक्रमण और अनाधिकृत व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर प्रशासन से शिकायत दर्ज कराई है।***

उनका आरोप है कि तहसील परिसर के भीतर वर्षों से ठेला-टपरी एवं अस्थायी दुकानों के माध्यम से व्यवसाय संचालित किया जा रहा है, जबकि संबंधित व्यापारियों को किसी प्रकार की व्यावसायिक भूमि अथवा दुकान का वैध आवंटन नहीं किया गया है।

द्वारका वंशपाल के अनुसार, परिसर के अंदर फोटोकॉपी, प्रिंटिंग सहित विभिन्न प्रकार की व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। उनका आरोप है कि कुछ व्यापारियों द्वारा बिना वैध अनुमति के बिजली कनेक्शन लेकर कूलर, पंखे, प्रिंटर एवं अन्य विद्युत उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बालाघाट जिले के अन्य तहसील एवं एसडीएम कार्यालय परिसरों में इस प्रकार की व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति नहीं है, लेकिन परसवाड़ा तहसील परिसर में खुलेआम नियमों के विपरीत कारोबार जारी है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि तहसील कार्यालय में कार्य कराने आने वाले नागरिकों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ निजी व्यवसायियों द्वारा राजस्व अभिलेखों एवं अन्य दस्तावेजों की प्रतियां निर्धारित प्रक्रिया के बजाय अतिरिक्त राशि लेकर उपलब्ध कराई जाती हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कथित सांठगांठ कर आमजन से मनमानी वसूली की जाती है, जिससे शासन को राजस्व हानि होने की आशंका है।

द्वारका वंशपाल ने सवाल उठाया है कि शासकीय भूमि पर निजी व्यवसाय और बिजली कनेक्शन किसकी अनुमति से संचालित हो रहे हैं। उनका कहना है कि जब इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो स्पष्ट जवाब नहीं मिल सका।

उन्होंने बताया कि मामले की शिकायत जिला प्रशासन तक पहुंचाई गई थी। शिकायत के बाद कलेक्टर स्तर से कार्रवाई के निर्देश दिए जाने की जानकारी मिली थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दी है। इससे आम नागरिकों में नाराजगी है तथा प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

द्वारका वंशपाल ने जिला प्रशासन से मांग की है कि तहसील परिसर में हुए कथित अतिक्रमण, अनाधिकृत व्यावसायिक गतिविधियों तथा बिजली कनेक्शनों की निष्पक्ष जांच कर नियमों के अनुरूप कार्रवाई की जाए, ताकि शासकीय परिसरों की गरिमा एवं पारदर्शिता बनी रहे।

हालांकि, समाचार लिखे जाने तक तहसील प्रशासन अथवा संबंधित अधिकारियों की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी थी।

### नगर परिषद बैहर में जनकल्याण शिविर आयोजित

# एसडीएम अर्पित गुप्ता ने सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश





जगप्रेरणा बैहर।

***शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने तथा उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से 10 जून बुधवार को नगर परिषद बैहर परिसर में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया।***

शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री अर्पित गुप्ता ने उपस्थित नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर उनका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनकल्याण शिविर में राजस्व, नगर परिषद, सामाजिक न्याय, खाद्य, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग की योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी भी नागरिकों को प्रदान की गई।

शिविर के दौरान नागरिकों ने पेयजल, स्वच्छता, राजस्व प्रकरणों, पात्रता पर्ची, पेंशन, आवास, सड़क, विद्युत तथा अन्य जनसुविधाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। अधिकारियों ने आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ करने का आश्वासन दिया। एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता ने कहा कि जनकल्याण शिविरों का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान उनके निकट पहुंचकर करना है, ताकि उन्हें विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से उपलब्ध कराया जाए। शिविर में नगर परिषद के पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, नगर परिषद का स्टाफ तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए प्रशासन द्वारा उनकी समस्याएं सुनने एवं समाधान के लिए किए जा रहे प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया। जनकल्याण शिविर का उद्देश्य प्रशासन और आमजन के बीच संवाद को मजबूत बनाना तथा समस्याओं के त्वरित समाधान के माध्यम से सुशासन की अवधारणा को साकार करना है। शिविर के सफल आयोजन से नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु एक प्रभावी मंच प्राप्त हुआ।

### अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

# 1500 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 45 लीटर कच्ची शराब जब्त, चार प्रकरण दर्ज





जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए व्यापक कार्रवाई की गई।***

अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में सामूहिक दबिश देकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब एवं शराब निर्माण सामग्री जब्त की। आबकारी विभाग के अनुसार आबकारी वृत्त वारासिवनी, लांजी एवं बालाघाट की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम कुम्हली, टेमनी, फुलचुर एवं आसपास के क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। इस दौरान जंगलों, तालाबों एवं नदी किनारे स्थित विभिन्न स्थानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए प्लास्टिक की बोरियों में भरा हुआ लगभग 1500 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 45 लीटर हाथ भट्टी से निर्मित महुआ की कच्ची शराब बरामद की गई।

कार्रवाई के दौरान जब्त महुआ लाहन के नमूने विधिवत लिए गए तथा शेष लाहन को मौके पर ही नियमानुसार नष्ट कर दिया गया। आबकारी अधिकारियों ने बताया कि बरामद सामग्री का उपयोग अवैध रूप से शराब निर्माण के लिए किया जाना था। इस मामले में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(1)(च) के तहत चार प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 1 लाख 26 हजार 750 रुपये आंका गया है। कार्रवाई में वृत्त प्रभारी एवं आबकारी उपनिरीक्षक रमाकांत बघेल, कौस्तुभ नेताम, मनोज अंजलेकर, मुख्य आरक्षक द्वारसिंह उइके तथा आरक्षक अतरलाल उइके, भानुप्रताप मर्सकोले एवं विशाल धुर्वे सहित अन्य कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों से भी अवैध शराब संबंधी गतिविधियों की जानकारी विभाग को देने की अपील की है, ताकि समाज को नशे के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके।

# अंतर्राष्ट्रीय ब्रिक्स कृषि सम्मेलन में चमका बालाघाट का गौरव, आकर्षण का केंद्र बना 'बालाघाट चिन्नौर चावल'..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***इंदौर के ग्रैंड शेरटन होटल में 9 से 13 जून 2026 तक आयोजित प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय ब्रिक्स (क्क्रद्धष्ट्स) कृषि सम्मेलन के अंतर्गत ग्रामीण हाट बाजार में आयोजित विशेष कृषि उत्पाद प्रदर्शनी में बालाघाट जिले का गौरवशाली उत्पाद 'बालाघाट चिन्नौर चावल' आकर्षण का मुख्य केंद्र बना हुआ है।***

इस अंतर्राष्ट्रीय मंच पर जिले की कृषि विरासत और विशिष्ट उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से विशेष सहभागिता सुनिश्चित की गई है। मध्यप्रदेश का प्रथम जीआई (त्र्रश-द्दह्रुश्चद्धद्दष्डुद्य द्धठ्ठस्त्रद्दष्डुह्लद्दशठ्ठ) टैग प्राप्त तथा 'एक जिला-एक उत्पाद' (ह्रष्ठह्रक्क) योजना के अंतर्गत चयनित बालाघाट चिन्नौर चावल के लिए प्रदर्शनी में विशेष स्टॉल स्थापित किया गया है। स्टॉल पर चिन्नौर चावल की उत्कृष्ट गुणवत्ता, विशिष्ट सुगंध, बेहतरीन स्वाद, पारंपरिक उत्पादन पद्धतियों और अंतर्राष्ट्रीय विपणन संभावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया जा रहा है।

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, बालाघाट श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि प्रदर्शनी में चिन्नौर चावल के उत्पादन, गुणवत्ता और विपणन से संबंधित विस्तृत जानकारी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदर्शनी का संचालन कृषि विस्तार अधिकारी मानसी मेरावी एवं भोजलाल माने, संचालक, लालबर्रा चिन्नौर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, लालबर्रा द्वारा किया जा रहा है। ब्रिक्स देशों के इस वैश्विक सम्मेलन में बालाघाट की सहभागिता जिले के किसानों और कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलने वाली साबित हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस मंच के माध्यम से बालाघाट चिन्नौर चावल को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में नई पहचान मिलेगी तथा इसके निर्यात और विपणन के अवसरों में वृद्धि होगी। यह उपलब्धि न केवल बालाघाट जिले बल्कि पूरे मध्यप्रदेश की कृषि समृद्धि और स्थानीय उत्पादों की वैश्विक स्वीकार्यता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# ई-अटेंडेंस के आधार पर होगा शिक्षकों का वेतन भुगतान, अनुपस्थिति पर कटेगा वेतन

जगप्रेरणा बालाघाट।

***लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं संकुल प्राचार्यों को निर्देश जारी कर स्पष्ट किया है कि शिक्षकों का वेतन अब 'हमारे शिक्षक' ऐप के माध्यम से दर्ज की गई ई-अटेंडेंस के आधार पर ही भुगतान किया जाएगा।***

आयुक्त लोक शिक्षण श्री अभिषेक सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि पूर्व में एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के लिए निर्देश जारी किए गए थे। अब सभी शासकीय विद्यालयों में प्राचार्य, शिक्षक एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से ई-अटेंडेंस दर्ज करना अनिवार्य होगा। निर्देशों के अनुसार विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अपने अधीनस्थ सभी विद्यालयों में ई-अटेंडेंस की शत-प्रतिशत व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। वहीं संकुल प्राचार्य ई-अटेंडेंस के आधार पर ही वेतन आहरण देयक तैयार कर आहरण अधिकारी अथवा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। बिना ई-अटेंडेंस के वेतन आहरण किए जाने की स्थिति में संबंधित संकुल प्राचार्य व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिस शिक्षक द्वारा किसी दिन ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं की जाएगी, उसे उस दिन अनुपस्थित माना जाएगा तथा संबंधित दिन का वेतन आहरित नहीं किया जाएगा।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय ने जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं संकुल प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि वे लोक शिक्षण संचालनालय के इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।विभाग ने सभी अधिकारियों को इस व्यवस्था का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। लोक शिक्षण संचालनालय की ई-अटेंडेंस व्यवस्था से विद्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति की निगरानी अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनेगी तथा शैक्षणिक गतिविधियों में जवाबदेही बढ़ेगी।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो
के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433

# अनुसूचित जनजाति आयोग सदस्य श्री नेताम जनसमस्या निवारण शिविरों में होंगें शामिल..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री भगत सिंह नेताम विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा की समस्याओं के निराकरण के लिए***

आयोजित 06 दिवसीय जनसमस्या निवारण शिविर सह जनसुनवाई में शामिल होंगें। श्री नेताम 11 जून को दोपहर 02 बजे सीनियर बालक छात्रावास जैतपुरी, 12 जून को दोपहर 02 बजे सीनियर बालक छात्रावास कंदई, 13 जून को दोपहर 02 बजे सीनियर कन्या छात्रावास मोहनपुर-सोनेवानी, 14 जून को दोपहर 02 बजे बालक आश्रम शाला पण्डररापानी एवं 15 जून को दोपहर 02 बजे सीनियर बालक छात्रावास सोनगुड्डा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर सह जनसुनवाई में शामिल होंगें और रात्रि विश्राम भी शिविर स्थरल पर ही करेंगें। आम जन से अपील की गई है कि वह अपने निकटवर्ती स्थान पर आयोजित शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हों। श्री नेताम 10 जून को दोपहर 02 बजे से सीनियर बालक छात्रावास गुदमा में आयोजित जनसमस्या निवारण में शामिल हुए और अधिकारियों के साथ उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना।




# कोटपा अधिनियम-2003 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित..





जगप्रेरणा बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी श्री परेश उपलव के तत्वाधान में नगरपालिका परिषद् बालाघाट के सहयोग से नगरीय क्षेत्र में तंबाकू नियंत्रण कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से 10 जून को नगरपालिका परिषद् बालाघाट के मीटिंग हॉल में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 (कोटपा-2003) विषय पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगरपालिका बालाघाट के उपाध्यक्ष श्री योगेश कुमार बिसेन व मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सूर्यप्रकाश उइके उपस्थित थे। साथ ही कार्यशाला में नगर पालिका परिषद के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। म. प्र. वॉलन्ट्री एसोसिएशन इंदौर के संभाग समन्वयक श्री नयन पाण्डेय द्वारा प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कोटपा अधिनियम-2003 के प्रमुख प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध, शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध, तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन पर रोक एवं उल्लंघन की स्थिति में दंडात्मक प्रावधान शामिल हैं।

कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी डॉ. षलुभा मचगाहे द्वारा बताया गया कि तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए कानून का सख्ती से पालन अत्यंत आवश्यक है। साथ ही नगरीय निकाय के सहयोग से क्षेत्र में नियमित निरीक्षण, चालानी कार्यवाही एवं जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से तंबाकू नियंत्रण को सुदृढ़ किया जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री उइके द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियो व कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में कोटपा अधिनियम-2003 के प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया । साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उपलव द्वारा सभी कर्मचारियों से अपील की गई कि वे तंबाकू निषेध अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए शहर को तंबाकू मुक्त बनाने में सहयोग प्रदान करें।






जग प्रेरणा
# वारासिवनी कटंगी
● कायदी ● डोंगरमाली ● रामपायली ● खैरलांजी ● तिरोड़ी ● बोनकट्टा ● महकेपार



दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
पिंटू गुप्ता तिरोड़ी
मो. 8770664297



# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वारासिवनी में एफटीके प्रशिक्षण आयोजित

## 77 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जल गुणवत्ता जांच का दिया गया व्यावहारिक प्रशिक्षण





जगप्रेरणा बालाघाट।

***ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) द्वारा जनपद पंचायत वारासिवनी में फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।***

कार्यक्रम का आयोजन मुख्य कार्यपालन यंत्री श्री बी.एल. उइके के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपखंड वारासिवनी के सहायक यंत्री श्री विजय तिवारी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी श्रीमती यशोदा भगत की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रशिक्षण में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आने वाले झालीवाड़ा, रामपायली एवं सिकंदरा-3 सेक्टर की 77 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

### एफटीके किट से सीखी पानी की गुणवत्ता जांच

प्रशिक्षण के दौरान प्रयोगशाला केमिस्ट श्रीमती रेखा पटले एवं श्रीमती टीना बिसेन तथा ब्लॉक समन्वयक प्रतांशी पाठक ने कार्यकर्ताओं को फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) के माध्यम से जल गुणवत्ता जांच का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। केमिस्ट रेखा पटले ने किट के उपयोग का लाइव प्रदर्शन करते हुए बताया कि इसके माध्यम से पानी में फ्लोराइड, नाइट्रेट, आयरन, हार्डनेस, क्लोरीन तथा पीएच (श्च॥) मान की जांच कम समय में की जा सकती है। उन्होंने बताया कि दूषित पानी के सेवन से बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं में विभिन्न बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए जल स्रोतों की नियमित जांच अत्यंत आवश्यक है।

### सामुदायिक सहभागिता से मजबूत होगी जल सुरक्षा

परियोजना अधिकारी श्रीमती यशोदा भगत ने प्रशिक्षण के दौरान जल जीवन मिशन के तहत सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में जल स्रोतों की नियमित जांच कर उसका रिकॉर्ड तैयार करेंगी। यदि किसी जल स्रोत का पानी दूषित पाया जाता है तो उसकी सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को दी जाएगी, जिससे समय पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके।

### अधिकारियों ने किया उत्साहवर्धन

सहायक यंत्री श्री विजय तिवारी ने प्रशिक्षण सत्र का निरीक्षण करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और जल गुणवत्ता निगरानी में उनकी सक्रिय भागीदारी गांवों को जलजनित बीमारियों से मुक्त रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रशिक्षण के दौरान सभी 77 कार्यकर्ताओं की एफ्टीके यूजर आईडी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के शीतल मिश्रा एवं हरीश झा (पीएमयू), ब्लॉक समन्वयक प्रतांशी पाठक, श्रुति डहाटे, रानी सिंह राजपूत, मोहिनी पटले तथा नई रोशनी संस्था के फील्ड समन्वयक शुभम सहारे द्वारा बनाई गई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक श्रीमती अर्चना मेश्राम, श्रीमती नीमा बोरकर एवं श्रीमती कौतिका धारने सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही। सभी के सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# नवांकुर संस्था ने कामधेनु गौशाला कटेधरा को भेंट किए तीन सीलिंग फैन..

## जन अभियान परिषद की पहल से गौशाला में पशुओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास





जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, बालाघाट द्वारा चयनित नवांकुर संस्था गति एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सामाजिक संस्था ने सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए विकासखंड कटंगी के ग्राम कटेधरा स्थित कामधेनु गौशाला में तीन सीलिंग फैन दान किए।***

इस पहल का उद्देश्य गौशाला में संरक्षित गौवंश को गर्मी के मौसम में राहत प्रदान करना तथा उनके लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना है। ग्राम कटेधरा में संचालित कामधेनु गौशाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रतिनिधियों ने गौशाला प्रबंधन को तीन सीलिंग फैन सौंपे। उपस्थित जनों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता से गौ संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयासों को और अधिक मजबूती मिलती है।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील बर्मन तथा विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि जन अभियान परिषद समाज में जनभागीदारी को बढ़ावा देने के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों के लिए संस्थाओं को प्रेरित करती है। नवांकुर संस्थाओं द्वारा किए जा रहे ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ सेवा भाव को भी प्रोत्साहित करते हैं।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता देवीप्रसाद तिवारी, दैनिक पत्रिका के पत्रकार संदीप शर्मा, मुकेश चौकसे, खंड कार्यवाह लालबहादुर रहांगडाले, परामर्शदाता अरविंद दरवड़े तथा गौशाला प्रभारी आशा बेटवार सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने संस्था के इस योगदान की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी समाजसेवी संस्थाएं गौशालाओं एवं अन्य जनहितकारी कार्यों में सक्रिय सहयोग प्रदान करती रहेंगी। कार्यक्रम के अंत में गौशाला प्रबंधन की ओर से संस्था के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया गया।

# वारासिवनी विकासखंड में किसानों को डीएसआर तकनीक एवं पराली प्रबंधन की दी गई जानकारी..

## उन्नत बीज, संतुलित उर्वरक उपयोग और एआईएफ योजना के प्रति किया गया जागरूक







जगप्रेरणा वारासिवनी।

***खरीफसीजन के मद्देनजर कृषि विभाग द्वारा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।***

इसी क्रम में वारासिवनी विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में किसानों से संवाद कर उन्हें डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) पद्धति, उन्नत बीजों के उपयोग, पराली प्रबंधन एवं संतुलित उर्वरक उपयोग के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि 10 जून को वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा ग्राम मंगेझरी एवं मेहंदीवाड़ा में कृषकों से मुलाकात कर खरीफ फसलों की वैज्ञानिक खेती के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान किसानों को उन्नत एवं प्रमाणित बीजों के उपयोग के लाभ बताए गए तथा डीएसआर पद्धति से धान की बुवाई करने से उत्पादन लागत में होने वाली कमी और इसके आर्थिक लाभों की जानकारी दी गई।

अधिकारियों ने किसानों को बताया कि डीएसआर तकनीक के माध्यम से कम पानी, कम श्रम एवं कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। यह पद्धति जल संरक्षण और टिकाऊ कृषि के लिए भी अत्यंत उपयोगी है।

### पराली जलाने के दुष्परिणामों से कराया अवगत

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान किसानों को पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय एवं कृषि संबंधी नुकसान के बारे में भी जानकारी दी गई। बताया गया कि नरवाई जलाने से मिट्टी के लाभकारी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं, भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है तथा वायु प्रदूषण बढ़ता है। किसानों को पराली प्रबंधन के आधुनिक उपाय अपनाने और फसल अवशेषों का वैज्ञानिक ढंग से उपयोग करने की सलाह दी गई।

### धानीटोला और बुदबुदा सोसायटी में भी हुआ प्रशिक्षण

इसी प्रकार ग्राम पंचायत बुदबुदा के ग्राम धानीटोला में आयोजित कृषक जागरूकता कार्यक्रम में किसानों को डीएसआर पद्धति, पराली प्रबंधन, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा कृषि अवसंरचना निधि (ढ्ढस्न) योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही बुदबुदा सहकारी समिति (सोसायटी) में भी किसानों के लिए विशेष मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को बताया कि संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करने से फसल उत्पादन में वृद्धि होने के साथ-साथ मिट्टी की गुणवत्ता भी बनी रहती है। किसानों को भूमि परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का उपयोग करने की सलाह दी गई।

### एआईएफयोजना के लाभों की दी जानकारी

कार्यक्रम में किसानों को कृषि अवसंरचना निधि (ढ्ढस्न) योजना के तहत उपलब्ध सुविधाओं और अनुदान की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि योजना के माध्यम से कृषि अधोसंरचना के विकास के लिए किसानों, कृषक उत्पादक संगठनों एवं अन्य पात्र संस्थाओं को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है, जिससे भंडारण, प्रसंस्करण एवं अन्य कृषि सुविधाओं का विकास किया जा सकता है।

कृषि विभाग द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों में किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा आधुनिक कृषि तकनीकों और विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने किसानों से वैज्ञानिक खेती अपनाने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने की अपील की।

# भाजपा सरकार के दबाव में षड्यंत्रपूर्वक मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया गया - विधायक मधु भगत..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश राज्यसभा चुनाव को लेकर प्रदेश की राजनीति में नया विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस उम्मीदवार सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन जिस नाटकीय घटनाक्रम के बीच निरस्त किया गया, उसके विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा राजधानी भोपाल में उपवास एवं धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया।***

इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के अनेक विधायक, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर भाजपा सरकार और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए।

विधायक मधु भगत ने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के दबाव में चुनाव आयोग द्वारा सुनियोजित षड्यंत्र रचते हुए यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि यह पूरा घटनाक्रम लोकतंत्र की हत्या का उदाहरण है और इससे लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लग गया है।

श्री भगत ने कहा कि भाजपा को पहले से यह आभास था कि उसका तीसरा उम्मीदवार राज्यसभा चुनाव में जीत हासिल नहीं कर पाएगा। इसी आशंका के चलते सत्ता का दुरुपयोग कर कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन निरस्त कराने की साजिश रची गई। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों और परंपराओं को ताक पर रख दिया है, जो अत्यंत निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और देश के प्रतिष्ठित विधि विशेषज्ञों ने चुनाव आयोग के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए स्पष्ट किया है कि जिस आधार पर नामांकन निरस्त किया गया, वह इतना गंभीर नहीं था कि उम्मीदवार को चुनावी प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाए। इसके बावजूद रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई कई संदेहों को जन्म देती है।

मधु भगत ने भाजपा की नारी सम्मान संबंधी नीतियों पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि एक ओर भाजपा महिला सशक्तिकरण और नारी वंदन की बात करती है, वहीं दूसरी ओर सत्ता के लालच में एक महिला उम्मीदवार के खिलाफ षड्यंत्र रचकर अपनी संकीर्ण और अवसरवादी मानसिकता का परिचय दे रही है। यह दोहरा चरित्र जनता के सामने उजागर हो चुका है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेगी और जनता के बीच जाकर पूरी सच्चाई रखेगी। कांग्रेस का मानना है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता और चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखना देश के लोकतंत्र के लिए आवश्यक है।

उपवास कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने राज्यसभा चुनाव में हुई इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफबताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि इस मामले में न्याय नहीं मिला तो कांग्रेस प्रदेशभर में व्यापक जनआंदोलन चलाने के लिए बाध्य होगी। विधायक मधु भगत ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करते रहेंगे।

# कलेक्टर मृणाल मीना ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के कार्यों की समीक्षा की

**खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच बढ़ाने और न्यायालयीन प्रकरणों की संख्या में वृद्धि के दिए निर्देश**

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने बुधवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय गतिविधियों का विस्तार से मूल्यांकन किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में खाद्य सुरक्षा के अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री योगेश डोंगरे, श्री वाजिद मोहिब तथा श्रीमती गीता टांडेकर उपस्थित रहीं।

बैठक के दौरान जिले में खाद्य सुरक्षा संबंधी कार्यवाहियों, खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच, नमूना संग्रहण तथा न्यायालयीन प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री मीना ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे खाद्य सामग्री के विक्रय एवं भंडारण से जुड़े प्रतिष्ठानों का नियमित एवं व्यापक निरीक्षण करें तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए बाजार में उपलब्ध खाद्य सामग्री की नियमित जांच आवश्यक है। कलेक्टर ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर अधिक से अधिक न्यायालयीन प्रकरण दर्ज किए जाएं, ताकि खाद्य सुरक्षा कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। समीक्षा के दौरान न्यायालयीन प्रकरणों की संख्या अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर कलेक्टर ने संबंधित खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि निरीक्षण और कार्रवाई की प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरज कुमार विश्वकर्मा द्वारा खाद्य सुरक्षा संबंधी प्रकरणों की पोर्टल पर समय पर प्रविष्टि नहीं करने, न्यायालयीन प्रकरण तैयार नहीं करने तथा समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने को गंभीरता से लिया गया। कलेक्टर ने उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई का प्रस्ताव तैयार कर वरिष्ठ कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए। इसी प्रकार औषधि निरीक्षक स्वप्निल सिंह के बैठक में अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश प्रदान किए।

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिम्मेदारी सीधे आमजन के स्वास्थ्य से जुड़ी हुई है। इसलिए सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ करें तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए नियमित निरीक्षण एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति, निरीक्षण अभियान तथा आगामी कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई।





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजय टेंभरे लांजी
मो. 7697505999

जग प्रेरणा
# लांजी किरनापुर
● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## राज्य सभा चुनाव मामले को लेकर कांग्रेसियों ने दिया धरना प्रदर्शन..

### प्रदेश सरकार कर रही लोक तंत्र की हत्या..



जगप्रेरणा लांजी।

***मध्य प्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के बाद कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र पर हमला बताते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है।***

पार्टी नेताओं ने चुनाव आयोग के निर्णय को चुनौती देते हुए एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने की घोषणा की है। रिटर्निंग अधिकारी ने नामांकन पत्र की जांच के दौरान एक कथित लंबित प्रकरण की जानकारी शपथपत्र में दर्ज नहीं होने के आधार पर नामांकन निरस्त किया। कांग्रेस का दावा है कि यह निर्णय कानून और लोकतांत्रिक परंपराओं के विरुद्ध है, जबकि भाजपा का कहना है कि नामांकन में आवश्यक जानकारी छिपाई गई थी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव आयोग से मुलाकात कर निर्णय वापस लेने की मांग की है तथा कानूनी और राजनीतिक लड़ाई लडने् की बात कही है। पार्टी ने इसे 'लोकतंत्र की हत्या' और 'राज्यसभा सीट की चोरी' बताया है। साथ ही संपूर्ण प्रदेश में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर सभी जिला एवं तहसील मुख्यालयों मे एक दिवसीय धरना सत्याग्रह प्रदर्शन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में 10 जून को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला, नगर कांग्रेस लांजी के संयुक्त तत्वाधान में नगर के नेताजी सुभाषचन्द्र बोस चौक में लोकतंत्र बचाने हेतु एक दिवसीय सत्याग्रह धरना प्रदर्शन किया जाकर भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला गया है। इस दौरान नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ मोनू पशीने, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला के अध्यक्ष ऋषि पटेल दशरिया, ब्लॉक कांग्रेस कमिटी लांजी के अध्यक्ष रेवाजी करहाटकर, युवा कांग्रेस कमेटी लांजी -किरनापुर के अध्यक्ष मनीष हुकुमचंद जुझार, जनपद अध्यक्ष अर्चना रेवेंद्र खोंगल, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष देवेंद्र खोंगल, जिला पंचायत सदस्य ज्योति ईश्वर उमरे, जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे, सरपंच संघ लांजी के अध्यक्ष ललित कबीरे, राजू मेंढे, शरद आसटकर, ओंकार राहांगडाले, मुकेश रणदिवे सहित पार्टी पदाधिकारी एवं बडी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष एवं वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद सौरभ पशीने ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जी से एक सवाल है जब मीनाक्षी नटराजन जी के खिलाफको अपराध ही दर्ज नही है। मात्र कोर्ट का एक नोटीस मिला हुआ है। तो कैसे भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा उनका निर्वाचन पत्र निरस्त कर दिया गया है। कोर्ट नोटिस और एफआई आर में फर्क है कि नही जिस प्रकार से यह सरकार लगातार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। चाहे 2020 में इन्होने कांग्रेस की सरकार गिरा दी, सरकार यूं तो बडे बडे नारी वंदन की बात करती है नारी को सम्मान देने की बात करती है। लेकिन सरकार ने मध्यप्रदेश के अन्दर किसी भी नारी को राज्य सभा की टिकट नही दिया। लेकिन जब कांग्रेस ने नारी को राज्य सभा की टिकट दिया तो उनका फार्म गलत तरीके से लोकतंत्र की हत्या कर निरस्त कर दिया गया। भारत निर्वाचन आयोग के माध्यम से यह जो कार्य सरकार ने किया वह बहुत निंदनीय है।

जनपद उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय अवसरे ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। यह केवल एक प्रत्याशी का मामला नहीं, बल्कि संविधान और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा का विषय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अन्याय और तानाशाही प्रवृत्तियों के खिलाफलगातार संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। अजय अवसरे ने कहा कि जनता सब कुछ देख रही है और लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता बनाए रखना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। ÷मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त करना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी और जनता की आवाज को दबाने नहीं देगी।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला के अध्यक्ष ऋषि पटेल ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ है। यह फैसला निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर सवाल खड़े करता है। कांग्रेस पार्टी इस अन्यायपूर्ण कार्रवाई का पुरजोर विरोध करती है और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचकर इस मुद्दे को जनता के सामने रखेंगे तथा लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार आवाज उठाते रहेंगे। सत्याग्रह प्रदर्शन के इस कार्यक्रम को जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष देवेन्द्र खोंगल, जिला पंचायत सदस्य ज्योति उमरे, लांजी अध्यक्ष रेवाजी करहाटकरे, सभापति दिनेश लाड़े सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।

इस दौरान प्रमुख रूप से सभापति दिनेश लांडे, पूर्व जनपद सदस्य घनश्याम पटले , मुरलीधर बावनथडे , बहेला मंडलम अध्यक्ष सैयद अरशद, डॉ मोहम्मद आरिफ नजमी, जनार्दन मोरघडे, प्रेमलाल हाथीमारे ,जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव मनीष भिमटे, आशीष श्रीवास्तव, अधिवक्ता अनमोल तिडके, रामकृष्ण गिरिया, प्रवीण दुबे, आईटी सेल के अध्यक्ष शिवम नखाते, राजू मस्करे, अमन श्रीवास्तव, चंद्रभोज मलगाम , माखन दास दशरिया, टीकाराम पांचे, चंदन टिडके, अशोक आसटकर, राधेश्याम सिंघनदुबे , किशोरी लाल पाँचे, संतोष पंद्रे, भरत लाल बनोठे, राजेंद्र मेंढे, चंद्रदीप रामटेके, कार्तिक बावनथडे, देवा टेंभरे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश तहसील शाखा किरनापुर ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन..

### म.प्र. के 5 लाख पेंशनर्स की लंबीत न्याययोचित मांगों का शीघ्र निराकरण हो..




जगप्रेरणा किरनापुर।

***प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा किरनापुर द्वारा दिनांक 10 जून 2026 को मध्य प्रदेश के 5 लाख पेंशनर्स की ज्वलंत लंबित समस्याओं का निराकरण***

करने संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें समस्याओ का निराकरण नहीं होने से पेंशनर्स एवं उनके परिवार में घोर निराशा एवं असंतोष व्याप्त है। यहां तक की केन्द्र की देय तिथि से ना तो मंहगाई राहत दी जाती है और न ही स्वास्थ्य संबंधी लाभ दिये जा रहे है। इससे पेंशनरों का मनोबल गिरा है निराशा हताशा ही उनके हाथ लगी है। तथा वे अभाव ग्रस्त जीवन जीने के लिये मजबूर है।

### पेंशनर्स की मुख्य मांगे..

म.प्र. राज्य पुर्नगठन अधिनियम की धारा 49 (6) को अविलंब समाप्त किया जावे। अभी राज्य सरकार की घोषणा के अनुसार केशलेस बीमा की योजना लागू की जा रही है परन्तु प्रीमीयम के रूप में कर्मचारी से 1 प्रतिशत और पेंशनर्स से 4 प्रतिशत लेने का प्रावधान किया गया है। निवेदन है कि या तो पेंशनर्स से कोई भी प्रीमियम नही लिया जावें अथवा कर्मचारीयों से अधिक लेना तो अन्याय पूर्ण है। पेंशनर्स को देय आर्थिक लाभ 4,6,8, माह बाद अथवा 1 वर्ष बाद भी मुश्किल से दिये जाते है। पेंशनर्स के दिये जाने वाले लाभ विलंब से दिया जाना पेंशनर्स के हक पर डाका डालने जैसा है पेंशनर को एरियर नही दिया जाता यह घोर अन्याय है पेंशनर्स को समय पर लाभ दिया जाना अनिवार्य है। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट एवं अन्य न्यायालयों द्वारा निर्देश दिये गये है कि म.प्र. के पेंशनर्स को केन्द्र की तिथि से ही लाभ दिया जावे जिसके लिये उच्च न्यायालय द्वारा म.प्र. एवं छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिवों को निर्देश दिये है कि करोना काल का एरियर, छटवे वेतन मान का 32 माह का एरियर एवं 7 वे वेतन मान का 27 माह एरियर का भुगतान किया जावे। इस पर अविलंब कार्यवाही की जाना अपेक्षित है। यह लाभ 6 प्रतिशत ब्याज की दर से दिया जावे।पूर्व में दिये गये माननीय न्यायालयीन निर्णयों को मान्य किया जावे तथा 80 वर्ष की आयु पूर्ण हो पर 20 प्रतिशत लाभ दिया जाता है। इसे 79 वर्ष पूर्ण होने पर दिया जाये। कर्मचारीयों की तरह पेंशनर्स को उपादान राशि का भुगतान किया जावे। पेंशनर्स की समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर निराकरण करने का कष्ट करें।

### पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा किरनापुर के पदाधिकारी गण व कर्मचारियों में शामिल रहे..

तहसील अध्यक्ष डीडी मेश्राम, उपाध्यक्ष भूपेंद्र अजीत,सचिव मुकीम कुरैशी, कोषाध्यक्ष पवन कुमार बिसेन, राधेलाल सोनवाने, शंकर सिंह कछवाह, नरेंद्र सिंह तोमर, उदय राम भारद्वाज मुरलीधर ठाकरे, हरिदास मेश्राम, वीएन मेश्राम, एम आर बागडे, बी आर डोंगरे, एन एल निकुसे खुमेश अजीत, चैनलाल वल्के, पिरम लाल भीमटे, जे एल बनोटे, घनश्याम मानेश्वर, जीवनलाल जीजोते, हरिश्चंद्र पटले, काशीराम रावते, चंदन लिल्हारे, उमा ताई मेश्राम, राजकुमारी उके, देवेंद्र पांडेय उमराव पालेवार, आर के हाथीमारे विजय कुमार अमृतकर, अशोक रामटेके।

## गांगीराजा मंदिर में चोरी और आगजनी की घटना से भक्तों में जनाक्रोश..

### घटना को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म..







जगप्रेरणा लांजी।

***धर्मनगरी लांजी से लगभग 12 किलोमीटर दूर जंगल में स्थित प्राचीन गांगीराजा मंदिर में चोरी और आगजनी की घटना सामने आने से क्षेत्र के श्रद्धालुओं में नाराजगी है।***

अज्ञात बदमाशों ने मंदिर की दानपेटी का ताला तोड़कर दानराशि चोरी कर ली और इसके बाद मंदिर परिसर में बांधी गई मन्नत के 300 से अधिक नारियल और चुनरियां में आग लगा दी गई, जिससे भारी नुकसान हुआ। घटना की जानकारी बुधवार सुबह उस समय लगी जब मंदिर के पुजारी कुमार टेकाम रोजाना की तरह पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे। पुजारी कुमार टेकाम ने बताया कि वह मंगलवार शाम करीब पांच बजे मंदिर से अपने घर चले गए थे। बुधवार 10 जून की सुबह लगभग छह बजे जब वह मंदिर पहुंचे तो देखा कि मंदिर परिसर में आग सब जल चुका है और दानपेटी का ताला टूटा पड़ा है। इसके बाद उन्होंने तत्काल ग्राम पंचायत सरपंच, कोटवार और पुलिस को घटना की सूचना दी। ग्राम कोटवार श्यामलाल ने बताया कि सुबह करीब सात बजे उन्हें घटना की जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंचने पर दानपेटी में लगे दो ताले टूटे पड़े थे और उसमें रखी दान राशि गायब थी। सूचना मिलने के बाद सुलसुली चौकी से पुलिस भी घटनास्थल पहुंची और निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। लांजी थाना प्रभारी दीपसिंह परमार ने बताया कि घटना मंगलवार रात की प्रतीत होती है। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं और मामले की जांच की जा रही है। आग लगने के कारणों की भी पड़ताल की जा रही है। घटना को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि बदमाशों का उद्देश्य केवल दान राशि चोरी करना था तो उसके बाद मंदिर को नुकसान पहुंचाने की क्या आवश्यकता थी। लोगों का मानना है कि चोरी के बाद आगजनी कर सबूत मिटाने या घटना को किसी अन्य दिशा देने का प्रयास किया गया हो सकता है। पुजारी कुमार टेकाम के अनुसार आगजनी में श्रद्धालुओं द्वारा मन्नत स्वरूप बांधकर रखे गए लगभग 300 नारियल, चुनरियां और अन्य पूजन सामग्री जलकर नष्ट हो गई। इससे न केवल मंदिर को नुकसान पहुंचा है बल्कि श्रद्धालुओं की भावनाएं भी आहत हुई हैं। उल्लेखनीय है कि गांगजीराजा मंदिर क्षेत्र का एक प्राचीन और प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माना जाता है। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचते हैं और पूरी होने पर बकरा, मुर्गा की बली के साथ ही साथ नारियल व चुनरी अर्पित करते हैं। ऐसे धार्मिक स्थल में चोरी की घटना और उसके बाद हुए नुकसान से लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि अपराधी अब धर्म और आस्था के स्थानों को भी नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने पुलिस से मामले का शीघ्र खुलासा कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## नवीन राजनैतिक और सामाजिक युग का सूत्रपात कर बिरसा मुंडा ने रचा इतिहास..





### बलिदान दिवस पर किए गए याद..

जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र स्थित ग्राम दुलापुर के आखर चौक में 9 जून को सगा समुदाय एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में महान जननायक धरती आबा बिरसा मुंडा का बलिदान दिवस मनाया गया।***

जिसमें प्रमुख वक्ताओं द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला गया। साथ ही अन्य वक्ताओं ने देशहित व आदिवासियों के लिए बिरसा मुंडा जी के कार्यो एवं संघर्षों के बारे में जानकारी दी। बता दे कि भारतीय इतिहास में बिरसा मुंडा एक ऐसे आदिवासी प्रणेता और लोकनायक थे जिन्होंने भारत में अपने क्रांतिकारी चिंतन से 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदलकर नवीन सामाजिक और राजनीतिक युग का सूत्रपात किया।

बिरसा मुंडा द्वारा लोगों को अंग्रेजों से मुक्ति दिलाने के लिए नेतृत्व प्रदान किया। छोटा नागपुर में 1894 में मानसून के असफल होने के कारण भयंकर अकाल और महामारी फैली हुई थी। बिरसा मुंडा ने पूरे मनोयोग से अपने लोगों की सेवा की। समय से आगे सोच रखने वाले मुंडा समाज जनों को जो हैजा, चेचक, सांप के काटने, बाघ के खाए जाने को ईश्वर की मर्जी मानते थे उन्हें सिखाते थे कि बीमारियों से कैसे लड़ा जाता है।

अपनी इस सेवा के कारण बिरसा मुंडा अपने क्षेत्र में 'धरती आबा' यानि 'धरती पिता' हो गए थे। आदिवासियों के अधिकार, स्वाभिमान, स्वतंत्रता, संस्कृति को बचाने के लिए 'अबुआ दिशूम-अबुआ राज' यानि 'हमारा देश, हमारा राज' का नारा देने वाले लोकनायक बिरसा मुंडा के बलिदान को कभी भुलाया न जा सकेगा। उलगुलान आंदोलन के प्रणेता सच्चे सपूत सदैव हमारे दिलों और विचारों में जिंदा रहेंगे।समस्त ग्रामवासियों द्वारा निर्णय लिया गया कि आगामी 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति स्थापना एवं जन्मजयंती कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया जायेगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम दुलपुर के सरपंच ताराचंद कुचलाहे, सुखदेव बड़गैया, आदिवासी माना समाज दुलापुर के अध्यक्ष ऋषिराम चौके, सचिव संजय धारने, सदस्य सालिकराम नारनौरे, पतिराम वाकड़े, अतुल हनोते, भावजी नारनौरे, हिरालाल नारनौरे, संजय हनोते, धर्मेंद्र धारने, लोकराम चौके, संतोष धारने, श्यामराज गुर्दे, ऋषिकेश घोरमारे, टूमन लाल घोरमारे, दिनेश धारने, बेनिराम धारने, फागुराम चौधरी, हरिचंद नारनौरे, मातृशक्ति में श्रीमती ललिता धारने, गीता धारने, लता नारनौरे एवं समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

## दो बसों के ओवरटेक घटना में किशोरी की मौत

### बाजार से सामान लेकर लौट रहे थे घर..







जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी-सालेटेकरी मार्ग पर दो लंबी दूरी की बसों के ओवरटेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में 17 वर्षीय किशोरी कु. लतेश्वरी उर्फ पिंकी परते की***

मौत हो गई, जबकि मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना 10 जून को शाम लगभग 4:30 बजे लोड़ामा के छापरनाला मोड़ के समीप हुई। बीजागढ़ निवासी तुलसीराम नेताम (36 वर्ष), पिता आनंद नेताम, अपनी मामा बहन लतेश्वरी उर्फ पिंकी परते (17 वर्ष), पिता सूरजलाल परते के साथ लांजी बाजार से सामान खरीदकर मोटरसाइकिल से गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सालेटेकरी से हैदराबाद जा रही दो बसें ओवरटेकिंग करते हुए अचानक सामने आ गईं।

तुलसीराम नेताम ने बताया कि बसें तेज रफ्तार में ओवरटेक कर रही थीं। उन्होंने मोटरसाइकिल रोककर जगह देने का इशारा भी किया, लेकिन बसों की गति इतनी तेज थी कि वे नहीं रुकीं और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तुलसीराम सड़क के किनारे फेंक दिए गए, जबकि पीछे बैठी पिंकी सड़क पर गिर गई। बस ने उसे कुचलते हुए करीब 50 फीट तक घसीट लिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

दुर्घटना में तुलसीराम नेताम के पैर, हाथ और कमर में गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों को सूचना मिलते ही वे घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों को निजी वाहन से सिविल अस्पताल लांजी ले गए। घायल तुलसीराम को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है।

परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दिए जाने पर मौके पर पहुंची टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया। मृतका का पोस्टमार्टम 11 जून को सुबह किया जाएगा। घटना कारित बस को पुलिस थाना लांजी में खड़ा कर लिया गया है। मामले में आगे की जांच की जा रही है।



लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433

जग प्रेरणा

# साहित्य / अभिव्यक्ति

● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## जंग का चक्रव्यूह: प्रवेश आसान, बाहर निकलना मुश्किल

महाभारत का वह प्रसंग सभी भारतीय को याद होगा जिसमें युवा अभिमन्यु ने कहा था कि उन्हें चक्रव्यूह में प्रवेश करना तो आता है, लेकिन उससे बाहर निकलने का मार्ग वे नहीं जानते। आज का वैश्विक परिदृश्य भी इसी कड़वी सच्चाई से जूझ रहा है। 21वीं सदी के आधुनिक दौर में कुछ राष्ट्र और उनके सर्वोच्च नेता राजनीतिक, भौगोलिक और रणनीतिक महत्वाकांक्षाओं के वशीभूत होकर युद्ध के मैदान में उतर तो जाते हैं, लेकिन कुछ ही समय में वे खुद को एक ऐसे अंतहीन दलदल में पाते हैं जहां से गरिमा के साथ कदम पीछे खींचना नामुमकिन नहीं तो मुश्किल अवश्य हो जाता है। हालिया वैश्विक घटनाओं ने यह साबित कर दिया है कि आधुनिक तकनीक और सैन्य श्रेष्ठता के बावजूद, युद्ध को शुरू करना जितना सरल है, उसे समेटना उतना ही पेचीदा और अनिश्चित है।

इतिहास गवाह है कि युद्ध की चिनगारी सुलगाने वाले अक्सर इस मुगालते में रहते हैं कि वे मकसद पूरा होने पर अपनी शर्तों पर और अपनी मर्जी के समय पर इसे खत्म कर लेंगे। लेकिन असलियत इसके ठीक उलट रही है। वियतनाम युद्ध इसका एक बड़ा ऐतिहासिक प्रमाण है, जहाँ दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति अमेरिका एक कम्युनिस्ट सरकार को हटाने के उद्देश्य से उतरी थी। लगभग 20 साल (1955 से 1975) तक खिंचे इस युद्ध में अमेरिका ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी, लेकिन अंततः 50,000 से अधिक अमेरिकी सैनिकों की जान गंवाने और देश के भीतर भारी जन-आक्रोश झेलने के बाद अमेरिका को वहां से मजबूरन पैर खींचने पड़े। ठीक ऐसा ही भंवर सोवियत संघ के लिए 1979 में अफगानिस्तान में बना, जिसने सोवियत अर्थव्यवस्था और रूतबे को इस कदर खोखला कर दिया कि अंततः उसका विघटन ही हो गया।

इस 'अफगान जाल' की कड़वाहट से इतिहास ने कोई सबक नहीं सीखा। साल 2001 में 9/11 के आतंकी हमलों के बाद अमेरिका उसी अफगानिस्तान में आतंकवाद को खत्म करने और एक त्वरित जीत के भरोसे दाखिल हुआ। तत्कालीन रक्षा सचिव ने तो कुछ ही महीनों में युद्ध खत्म होने की घोषणा भी कर दी थी। लेकिन यह अमेरिकी इतिहास का सबसे लंबा युद्ध (लगभग 19 साल 10 महीने) बन गया। अंततः अगस्त 2021 में, अरबों डॉलर फूंकने और हजारों जान गंवाने के बाद, अमेरिका को बेहद अफरातफरी और अपमानजनक स्थिति में अपना युद्धक समान छोड़कर वहां से निकलना पड़ा, और अफगानिस्तान वापस उसी तालिबान के हाथ में चला गया जिसे हटाने अमेरिका आया था।

यह 'क्विक विक्ट्री' यानी त्वरित जीत का भ्रम आज के दौर में भी साफदेखा जा सकता है। जब फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण किया, तो मॉस्को का आकलन था कि यह कुछ दिनों या हफ्तों का एक सीमित सैन्य अभियान होगा। लेकिन आज सालों बाद भी यह युद्ध एक अंतहीन गतिरोध में बदल चुका है, जहाँ दोनों पक्षों को भारी जन-धन की हानि हो चुकी है, पर राजनीतिक मजबूरियों के कारण कोई भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। ठीक इसी तरह, ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच भड़के सीधे सैन्य टकराव को भी रणनीतिकारों ने एक 'सीमित और त्वरित' कार्रवाई माना था। धारणा यह थी कि सटीक हवाई हमलों से ईरान को झुका दिया जाएगा, वहां सत्ता परिवर्तन कर दिया जाएगा परंतु इसके जवाब में उपजे क्षेत्रीय संकट, होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी और छद्म युद्धों के विस्तार ने महाशक्तियों को एक नए रणनीतिक भंवर में फंसा दिया है।

इस वैश्विक चक्रव्यूह के पीछे कई गहरे कारण काम करते हैं। पहला है 'संक कॉस्ट फैलेसी' यानी प्रतिष्ठा का दांव, अर्थात जब सैकड़ों सैनिकों की जान चली जाती है और अरबों डॉलर खर्च हो जाते हैं, तो बिना किसी ठोस 'जीत' के पीछे हटना किसी भी राष्ट्रध्यक्ष के लिए राजनीतिक आत्महत्या जैसा हो जाता है। दूसरा कारण है युद्ध का वैश्वीकरण, मतलब

आधुनिक दौर की जंगें केवल दो देशों के बीच नहीं रह जातीं, उनमें स्थानीय मिलिशिया, हथियार आपूर्तिकर्ता और वैश्विक गठबंधन शामिल हो जाते हैं, जिससे युद्ध की कमान मूल देशों के हाथ से निकल जाती है। इसके अलावा, आर्थिक आत्मघात भी इसका एक बड़ा पहलू है, जहाँ प्रतिबंधों और आपूर्ति श्रृंखला टूटने के कारण वैश्विक ईंधन और खाद्यान्न संकट पैदा होता है, जिससे युद्ध शुरू करने वाले देशों की अपनी अर्थव्यवस्था भी इसकी जद में आ जाती है।

आज का वैश्विक परिदृश्य यह गंभीर चेतावनी देता है कि आधुनिक हथियारों से युद्ध की शुरुआत तो की जा सकती है, लेकिन उसका अंत कभी भी उनके नियंत्रण में नहीं होता। वियतनाम से लेकर अफगानिस्तान और यूक्रेन से लेकर ईरान तक के उदाहरण यह चीख-चीख कर कह रहे हैं कि ताकत के बल पर जंग का फैसला जल्द नहीं किया जा सकता। युद्ध में उतरने से पहले 'एक्जिट स्ट्रेटेजी' यानी बाहर निकलने के सुरक्षित रास्ते का न होना ही इस सदी का सबसे खतरनाक चक्रव्यूह है, और जब तक वैश्विक नेतृत्व इस सच को स्वीकार नहीं करेगा, तब तक शांति केवल एक कागजी शब्द बनी रहेगी।

लेखक



प्रो.मनमोहन प्रकाश

## दो नम्बर के धंधो का

दो नम्बर के धंधो का जिले भर में जोर है,
सत्ता अगर चोर है तो विपक्ष महाचोर है।

विधायक,मंत्री के चल रहे रेत के डम्पर है,
छुटभैय्ए नेताओं के भी दौड़ रहे ट्रैक्टर है।।
शराब के कारोबार में सबकी हिस्सेदारी है,
नव निर्मित कामों में मिलीभगत जारी है।।

समाज सेवा का ढोंग है,ये लोग कुछ ओर है,
दो नम्बर के..

सरकारी दफ्तरों से कमीशन इनको जाता है,
अपराधी के पक्ष में थाने इनका फोन आता है।।
अमीरों को पाल रहे गरीबी हटाव के नारे से,
बड़ी तक्लीफहै पक्ष-विपक्ष को भाईचारे से।।

गद्दारों का काम है लेकिन राष्ट्रवाद का शोर है,
दो नम्बर के..

जिले के जिम्मेदारों का
बिक चुका ईमान है,
कर्तव्य को छोड़, कमीशन
पर ज्यादा ध्यान है।।
एक दुसरे की करतूत
की इनके पास नाड़ है,
जनसेवा की आड़ में
कमा रहे खुब भाड़ है।।

क्या दोष दे इनको,
जनता भी तो कमजोर है,
दो नम्बर के..

लेखक



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट

## दशा महा दशा..


गर्मी में पानी।
भाप बनकर उड़ जाता।
इसलिए पानी की किल्लत।
वाह, क्या शब्दों का बखान।
जब वर्षाकाल का पानी आता।
तब नालों,नदियों में।
क्यों बहाया जाता।
जब ठण्ड में शीत लहर।
फिर क्यों तपाया जाता।
जब शरीर बीमार होता।
मशीन लगा कर क्यों देखा जाता।
जब इंसान चांद पर जा सकता।
जब अत्याचार, भ्रष्टाचार।
बलात्कार होता है।
इसे देखने मशीन
की उत्पत्ति।
क्यों नहीं हुई।
जब वाक
शक्ति में।
देख लीजिए।
कहा–कहा के
शब्दांश।
इसे पढ़ने
फुर्सत नहीं?

लेखक



आचार्य डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार 'वीर'

## शब्दवर्गपहेली क्र.-189



ck;s ls nk;s &1) दबाव डालकर कोई काम कराना इस अर्थवाला एक मुहावरा 4) जो मनुष्य परमात्मा और जीवात्मा में भेद नहीं देखता 8) अनाथ बच्चों का पालन पोषण करने का स्थान 12) पुत्र, बेटा 14) जीत की घोषणा, जयध्वनि 15) औषधालय 16) व्रत, पूजा–पाठ आदि करना 18) डर उत्पन्न करनेवाला 19) धोबी 21) आड़ करने के काम आनेवाला कपड़ा 23) किसी संस्था का सभासद 24) करुणा, अनुकंपा 26) ताजा होने का भाव, स्फूर्ति 28) शहर में रहनेवाला 32) सागर, समुद्र 34) चूर चूर करना 36) स्त्री जैसा 37) स्नानघर (उर्दू) 39) माता की माता 40) एक आंखवाला 41) प्रामाणिक, अच्छा, भला 42) मन को प्रसन्न करनेवाली बात 43) कामदेव 45) मां, जननी 46) दांत से छोटे छोटे टुकड़े करना 49) गाय, गऊ 50) पति, प्रियकर 51) कैदी 53) सुंदर भाषण 55) भीड़, जमघट 57) धर्म, संप्रदाय 59) महादेव, प्रत्येक 60) किसी पदार्थ की संख्या निश्चित करना 61) आनेवाला या बिता हुआ दिन 62) प्रकाशित, सामने लाना 63) शैल राजा की बेटी, पार्वती 64) संक्षिप्त, थोड़ा 67) ईश्वर को न माननेवाला 69) एक मुस्लीम महीना 70) आकार की मात्रा जो अक्षरों में लगायी जाती है 71) मुगल सम्राटोंद्वारा नियुक्त प्रांतिय प्रशासक 72) तीनों लोक में विचरण करनेवाला एक देवर्षी 74) बेटे की बेटी 75) ताल सूर सहित मुख से मधुर ध्वनि निकालना, गीत गायन 76) पृथ्वी, धरती 79) परत, तह, पानदान 81) बच्चा, शिशु 82) शोक, दुःख सूचक शब्द 83) नदी का किनारा, अंत 85) शरीर, देह 86) बंदूक या आतिषबाजी में प्रयुक्त गंधकयुक्त बारीक चूर्ण 87) क्लर्क, कार्यालय में लिखापढ़ी करनेवाला 88) आश्चर्य, नूतन 90) उंगलियों से छू कर वस्तु को मालुम करना 93) दशा, वृत्तांत, वर्तमान काल 95) माफी 97) स्थिर दृष्टी 98) छोटा 99) व्यभिचारिणी स्त्री 100) हाथी 101) पूजा में रखा जानेवाला घड़ा 102) छोटी ध्वजा 105) जीवन, प्राण, अति प्यारी वस्तु 106) नमक 107) झुठा या बनावटी हेतू 108) बिलकुल नया 109) हल धारण करनेवाले बलराम

Åij ls uhps & 1) गरुड़ की सवारी करनेवाले श्रीविष्णु 2) किसी काम के लिए मजबूर करना 3) घमंड, नखरा, चोचला 4) शिवोपासक पंथ, जो भीषण न हो 5) औषधी, दवा 6) कलह, बातचीत 7) पागलपन 8) निरर्थक वार्ता 9) थाने का प्रधान अधिकारी 10) प्रयास, अभ्यास 11) मकरंद, सहद 12) आय, मिलनेवाला पैसा 13) लोग, प्रजा 17) द्रव, रुचि 20) पंक्ति 22) वास करना, ठहरना 25) मांगनेवाला 27) देश या समाज में प्रचलित रीति 29) सवारी 30) अतिक्रमण करना इस अर्थवाला एक वाकप्रचार 31) आबरु जाना अर्थवाला एक मुहावरा 33) शहर के नाके पर हर आनेजानेवाले वाहन की जांच करना 35) कोई विनोदपूर्ण मजेदार बात कहना 36) सृष्टि, संसार 38) अभिप्राय, आशय 41) लीडर 44) गीला, आर्द्र 45) सम्मान, परिमाण 47) तपस्या करनेवाली स्त्री 48) बच्चे का नाम रखना 51) शानदार मकान 52) झगड़ा, चर्चा 53) सुंदर नयनोंवाली स्त्री 54) एक ही प्रकार की अनेक वस्तुओं में से एक वस्तु 56) शोभा, तड़क भड़क 57) मकबरा, कब्र 58) चमक 59) संदेश अथवा चिट्ठी पत्र ले जानेवाला 65) मेघ, बादल 66) किस समय 67) शिष्टता और लिहाज 68) दीपावली 73) प्रीति, अनुरक्त 76) पकड़ना, थामना 77) बांटनेवाला, वितरण करनेवाला 78) धूर्त व्यक्ति 80) भूरा, सफेद 81) जंगल, अरण्य 83) एक सब्जी 84) पालन कर्ता 89) एक लाख 91) जादूटोना, तंत्रमंत्र 92) शुभ या अशुभ लक्षण 94) सुंदर स्त्री 96) परिमाण, तौलना 100) समूह, श्रेणी 101) कह डाला 103) गरमी, आवेश, अहंकार 104) मल, गंदगी (जवाब अगले अंक में )

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | त्त | र | दा | यि | त्व | ■ | अ | व | लो | क | नी | य | ■ | प | रि | हा | स | ■ | दा | न |
| प | ■ | ■ | हि | ■ | ■ | सा | व | न | ■ | ना | ला | ■ | आ | ■ | ■ | नि | र | भ्र | ■ | शी |
| व | ■ | आ | ना | का | नी | ■ | मा | ■ | शि | ■ | म | द | न | सा | रि | का | ■ | म | वा | ली |
| न | व | यु | व | क | ■ | मा | न | व | शा | स्त्र | ■ | या | ■ | वि | त | र | ण | ■ | चा | ■ |
| ■ | सं | ■ | र्त | ■ | म | न | ■ | र्ण | ■ | व | ट | सा | वि | त्री | ■ | क | ■ | म | ल | मा |
| सं | तो | ष | ■ | ह | म | ■ | ही | ■ | सु | ■ | प | ग | ■ | ■ | द | ■ | स | ह | ■ | तु |
| ■ | त्स | ■ | स | रि | ता | ■ | रा | म | रा | म | क | र | ना | ■ | शा | ■ | म | ल | म | ल |
| भ | व | ध | र | ण | ■ | जा | म | ■ | धी | ज | ना | ■ | स | न्मा | न | नी | य | ■ | त्स्या | ■ |
| स्मा | ■ | र | स | ■ | दा | ल | न | ■ | श | ह | ■ | दा | म | ■ | न | ल | ■ | पा | व | न |
| सु | ध | न | र | ह | ना | ■ | ■ | त | ■ | ब | ल | ■ | झ | र | ■ | कं | ठ | ■ | ता | त |
| र | म | ■ | ■ | वा | ■ | वा | र्ता | ला | प | ■ | क्ष | मा | ■ | स | ■ | ठ | ■ | पा | र | ■ |
| ■ | का | म | क | ला | ■ | र्ता | ■ | श | ■ | झी | ■ | था | ने | दा | र | ■ | मं | त्र | ■ | अ |
| ता | ना | शा | ह | ■ | ना | ■ | ज | ना | ब | ■ | स | ■ | क | र | व | ट | ■ | ता | प | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | बा | ल | ■ | ग | ड़ | प | ना | ■ | ■ | क | टो | री | ■ | द | मा |
| मा | या | ■ | ना | म | प | र | ध | ब्बा | ल | ग | ना | ■ | ■ | छि | ना | ल | ■ | ब | ■ | न |
| न | म | न | ■ | की | ■ | ह | र | ■ | ■ | र | ■ | सु | भ | द्र | ■ | ना | श | क | ■ | ता |

anumeya-08446302691





# दिग्गज डायरेक्टर भारतीराजा का निधन, गम में डूबीं खुशबू सुंदर, सामने आई मौत की वजह..



डेस्क जगप्रेरणा।

***तमिल फिल्म इंडस्ट्री से बुरी खबर सामने आई है और पूरी इंडस्ट्री में मातम पसर गया है। जाने-माने फिल्ममेकर भारतीराजा का निधन हो गया है। एक्टर ने बुधवार यानी 10 जून को आखिरी सांस ली। उन्होंने 85 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया।***

बुधवार सुबह चेन्नई में खराब सेहत और उम्र से जुड़ी बीमारियों के कारण उनकी मौत हुई है। बताया जा रहा है कि वो लंबे समय से बीमार थे और कई समस्याओं से जूझ रहे थे। उम्र और लंबी बीमारी ही उनकी मौत का कारण बने। उनके अंतिम संस्कार के बारे में अभी तक कोई खास जानकारी सामने नहीं आई है।

### इस तरह सामने आई भारतीराजा की मौत की जानकारी..

तमिल फिल्म प्रोड्यूसर्स काउंसिल के सदस्यों ने इस खबर की पुष्टि की और दुख जताया। तमिल में उनके संदेश का मोटा-मोटा अनुवाद कुछ इस तरह है, 'हमें यह बताते हुए दुख हो रहा है कि हमारे एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ सदस्यों में से एक, मशहूर डायरेक्टर मिस्टर भारतीराजा का आज सुबह निधन हो गया।' जैसे ही ये खबर सोशल मीडिया पर आई फैंस के बीच दुखों का सैलाब आ गया। लोग लगाताक दुख जाहिर कर रहे हैं और अपने पसंदीदा निर्देशक की आत्मा की शांति के लिए दुआएं कर रहे हैं।

### खुशबू सुंदर ने जताया दुख..

एक्टर, प्रोड्यूसर और पॉलिटिशियन खुशबू सुंदर भारतीराजा के निधन की खबर सुनकर बहुत दुखी हुई और उन्होंने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल कर देने वाला पोस्ट साझा किया। उन्होंने भारतीराजा की एक तस्वीर के साथ लिका, 'यह जानकर बहुत दुख हुआ कि हमारे सबसे चहेते और सम्मानित डायरेक्टर, महान भारतीराजा अब हमारे बीच नहीं रहे। उनके निधन से तमिल सिनेमा में शोक की लहर दौड़ गई है। उनकी फिल्में हमेशा मिसाल रही हैं और आगे भी फिल्म मेकिंग की असली पाठशाला बनी रहेंगी। उन्होंने सिनेमा के हर चाहने वाले के लिए एक बड़ी विरासत छोड़ी है। वे हमेशा कहते थे कि मेरे साथ दो चोटियों वाले लुक में एक फिल्म करेंगे। यह सपना अब अधूरा ही रह जाएगा। सर, आपकी बहुत याद आएगी। आपकी आत्मा को शांति मिले। ओम शांति।'

### बेटे की मौत से टूट गए थे भारतीराजा..

बता दें, मार्च 2024 में 48 साल की उम्र में कार्डियक अरेस्ट से उनके बेटे और एक्टर मनोज भारतीराजा की मौत हो गई थी। इस घटना ने उन्हें तोड़ दिया था और इसके बाद से ही उनकी सेहत बिगड़ रही थी। मनोज की मौत और अंतिम संस्कार के दौरान में भारतीराजा पूरी तरह टूट चुके थे और इस मुश्किल को स्वीकार करने के लिए वो लगातार जूझते रहे। पिछले साल दिसंबर में सांस लेने में तकलीफऔर घरघराहट की शिकायत के बाद भारतीराजा को चेन्नई के टी नगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### भारतीराजा का निर्देशन करियर..

भारतीराजा ने अपने बेटे के जन्म के एक साल बाद 1977 में बतौर डायरेक्टर '16 वयथिनिले' से डेब्यू किया था। उन्होंने अपने लंबे करियर में 40 से ज्यादा फिल्मों का निर्देशन किया। चार दशक से ज्यादा लंबे करियर ने उन्हें 'इयक्कुनर इम्मायाम' नाम दिया, इसी नाम से वो इंडस्ट्री में जाने जाते थे। उनकी सबसे मशहूर फिल्मों में 'किझाके पोगुम रेल', 'सिगप्पू रोजक्कल', 'अलायगल ओइवाथिल्लई', 'काधल ओवियम' और 'मुधल मरियथाई' शामिल हैं। आखिरी बार उन्होंने 'परवाई कूटिल वाझुम मांगाल' का निर्देशन किया। इसे आप प्राइम वीडियो की एंथोलॉजी 'मॉडर्न लव चेन्नई' के हिस्से के रूप में देख सकते हैं।

### भारतीराजा का एक्टिंग करियर..

भारतीराजा सिर्फ शानदार डायरेक्टर नहीं बल्कि कमाल के एक्टर भी थे। उन्होंने कई फिल्मों में एक्टिंग की। हाल में वो मोहनलाल के साथ 'थुदारुम' में नजर आए थे। इसके अलावा 'पुलावर' में उन्होंने एक्टिंग की है, ये फिल्म अभी रिलीज नहीं हुई है, ये उनके करियर की आखिरी फिल्म होगी। 'आयुथा एझुथु', 'पांडियानाडू', 'ईश्वरन', 'तिरुचित्रम्बलम' और 'महाराजा' जैसी शानदार फिल्मों ने उनके एक्टिंग करियर में चार चांद लगाए।

# सिंधू जीतीं, तन्वी ने पांचवीं वरीय खिलाड़ी को हराकर उलटफेर किया..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू की अगुआई में भारतीय महिला खिलाड़ियों ने बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में प्रभावी प्रदर्शन किया जबकि तन्वी शर्मा भी उलटफेर करने में सफल रहीं।***

तीसरी वरीय सिंधू, तन्वी, मालविका बंसोड, ईशारानी बरुआ और तान्या हेमंत सभी ने राउंड ऑफ16 में जगह बनाई। भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ियों के लिए हालांकि बुधवार का दिन खराब रहा जब किरण जॉर्ज, थारुन मान्नेपल्ली और क्वालीफायर सनीथ दयानंद पहले दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

सिंधू ने महिला एकल के पहले दौर के एकतरफा मुकाबले में पेरू की इनेस लूसिया कास्टिलो सालाजार को सीधे गेम में सिर्फ32 मिनट में 21-13, 21-11 से हराया।

सिंधू अगले दौर में हमवतन ईशारानी से भिड़ेंगी जिन्होंने एक घंटा तीन मिनट चले कड़े मुकाबले में चीन की हान कियान को 22-20, 10-21, 21-14 से शिकस्त दी। दिन का सबसे बड़ा उलटफेर 17 साल की तन्वी ने किया जिन्होंने पांचवीं वरीय और दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी चीनी ताइपे की च्यु पिन चियान को 45 मिनट में 21-12, 22-20 से शिकस्त दी।

दुनिया की 36वें नंबर की खिलाड़ी तन्वी अगले दौर में साथी भारतीय खिलाड़ी मालविका से भिड़ेंगी जिन्होंने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए थाईलैंड की तोरुंग सेहेंग को 15-21, 21-7, 21-13 से हराया।

तान्या ने अमेरिका की इशिका जायसवाल को 39 मिनट में 21-17, 21-18 से हराया। वह अगले दौर में थाईलैंड की दूसरी वरीय और दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग से भिड़ेंगी। पुरुष एकल में किरण को कड़े मुकाबले में मलेशिया के जस्टिन हो के खिलाफ एक घंटा दो मिनट में 19-21, 21-14, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।

क्वालीफायर दयानंद भी चीन के हू झिआन के खिलाफ सिर्फ 35 मिनट में 8-21, 10-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। थारुन उलटफेर करने के करीब पहुंचे लेकिन अंततः उन्हें दूसरे वरीय और दुनिया के 10वें नंबर के खिलाड़ी चीनी ताइपे के लिन चुन यी के खिलाफ एक घंटा 20 मिनट में 21-18, 13-21, 23-25 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

मिश्रित युगल में ध्रुव रावत और मनीषा के ने लिन जेडन और विक्टोरिया जोनाडी की ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी को 27 मिनट में 21-13, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

मोहित जगलान और लक्षिता जगलान को हालांकि गुओ शिन वा और चेन फेंग हुइ की चीन की दूसरी वरीय जोड़ी के खिलाफ सिर्फ 20 मिनट में 6-21, 5-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

# पीसीबी करेगा मसूद और मुख्य कोच सरफराज के भविष्य पर फैसला..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के शीर्ष अधिकारी इस सप्ताह के आखिर में यहां होने वाली बैठक में टेस्ट टीम के कप्तान शान मसूद और मुख्य कोच सरफराज खान के भविष्य पर महत्वपूर्ण निर्णय लेंगे।***

बैठक में पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी भी शामिल होंगे। इसमें यह तय किया जाएगा कि बांग्लादेश दौरे पर टीम की 0-2 से शर्मनाक हार के बाद शान मसूद और सरफराज खान को आगामी इंग्लैंड और वेस्टइंडीज दौरों के लिए अपनी जिम्मेदारियों के साथ बरकरार रखा जाए या नहीं। पीसीबी सूत्र ने कहा, 'सबसे अहम फैसला शान मसूद के वेस्टइंडीज और इंग्लैंड दौरों पर टेस्ट टीम के कप्तान बने रहने पर होगा।'

सूत्र ने कहा, 'कुछ चयनकर्ताओं और बोर्ड के कुछ अधिकारियों का मानना है कि अब टेस्ट टीम की कप्तानी सलमान अली आगा को सौंपने का समय आ गया है।' मसूद हालांकि कप्तानी जारी रखना चाहते हैं, लेकिन बांग्लादेश दौरे के निराशाजनक प्रदर्शन का असर उनके भविष्य पर पड़ सकता है। आगा सीमित ओवरों के प्रारूप में राष्ट्रीय टीम की अगुवाई कर चुके हैं। वह फिलहाल टी20 टीम के कप्तान हैं। सूत्र ने यह भी बताया कि पीसीबी ने अभी तक सरफराज खान के साथ कोई अंतिम समझौता नहीं किया है। पूर्व कप्तान यूनिस खान को अगले मुख्य कोच के रूप में गंभीर दावेदार माना जा रहा है।

एक अधिकारी ने कहा, 'फिलहाल ऐसा लगता है कि यूनिस खान के साथ समझौता होने तक सरफराज अपने पद पर बने रहेंगे। बोर्ड में किसी भी पद को स्वीकार करने के मामले में यूनिस अपनी शर्तो पर काम करने के लिए जाने जाते हैं।' पूर्व कप्तान मोहम्मद हफीज भी मुख्य कोच पद के संभावित दावेदारों में शामिल हैं। पीसीबी अधिकारियों ने दोनों से बातचीत की है, लेकिन अभी तक कोई

अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। नकवी बोर्ड में दोहरी जिम्मेदारियां निभा रहे अधिकारियों का कार्यभार भी कम करना चाहते हैं। वर्तमान में पूर्व कप्तान मिस्बाह-उल-हक, असद शफीक, सरफराज खान और आकिब जावेद राष्ट्रीय चयनकर्ता हैं, जबकि इनमें से कुछ अधिकारी बोर्ड में अन्य भूमिकाएं भी निभा रहे हैं।

सीमित ओवरों के मुख्य कोच माइक हेसन भी चयन प्रक्रिया से जुड़े हुए हैं। निदेशक (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट) के पद पर नियुक्ति को लेकर भी इस बैठक में फैसला लिया जा सकता है। इस बीच, पाकिस्तान के अनुभवी तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के आगामी टेस्ट दौरों के लिए टीम में शामिल किए जाने पर संशय है। चयनकर्ता और टीम प्रबंधन उनके कार्यभार को नियंत्रित करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। पाकिस्तान टीम वेस्टइंडीज दौरे पर 25 जुलाई से दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगी।

इसके बाद टीम इंग्लैंड का दौरा करेगी, जहां 19 अगस्त से तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेली जानी है। शाहीन पाकिस्तान की एकदिवसीय (वनडे) टीम के कप्तान हैं। एक सूत्र ने बताया, 'चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन का मानना है कि शाहीन के कार्यभार को संतुलित रखना बेहतर होगा और अब उन्हें मुख्य रूप से सीमित ओवरों की क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।' सूत्र ने बताया कि शाहीन हालांकि इस फैसले से संतुष्ट नहीं है और अधिक से अधिक टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं। इस 26 साल के तेज गेंदबाज ने 34 टेस्ट मैचों में 126 विकेट हासिल किए हैं।

# 'मां को कैंसर था, शादी टूट रही थीं', जब दर्द से तड़प रहे थे अर्जुन रामपाल, याद आया जिंदगी का सबसे मुश्किल वक्त..



डेस्क जगप्रेरणा।

***अर्जुन रामपाल बॉलीवुड में सालों से अपना कब्जा जमाए हुए हैं। एक मॉडल के तौर पर अपना करियर शुरू करने के बाद फिल्मी दुनिया तक में कदम जमाने तक, अर्जुन रामपाल ने अपना रास्ता अपने दम पर तय किया है।***

पिछले कुछ दिनों से वह आदित्य धर की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें उन्होंने अपने मेजर इकबाल के किरदार से सबको हैरान कर दिया। धुरंधर ने उनके करियर को नई उड़ान दे दी है। लेकिन, एक समय था जब उनकी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफमें काफी उथल-पुथल मची थी।

एक तरफ जहां पत्नी मेहर जेसिया के साथ उनका बसा-बसाया घर टूट गया तो वहीं दूसरी तरफ उनकी मां जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रही थीं। अब हाल ही में अर्जुन रामपाल ने अपनी जिंदगी के उस सबसे मुश्किल समय के बारे में बात की है।

### अर्जुन रामपाल का छलका दर्द..

अर्जुन रामपाल लंबे समय से गैब्रिएला डेमेट्रिएड्स के साथ रिलेशनशिप में हैं, जिनसे उनके दो बेटे भी हैं। धुरंधर की रिलीज के बाद ही अर्जुन रामपाल ने गैब्रिएला से सगाई की थी। लेकिन, गैब्रिएला के साथ रिलेशनशिप में आने के पहले वह एक खूबसूरत शादीशुदा लाइफजी रहे थे। उन्होंने 1998 में मेहर जेसिया से शादी की थी, जिनसे उनकी दो बेटियां भी हैं। लेकिन, 2019 में उनका और मेहर का तलाक हो गया। अब अर्जुन रामपाल ने बताया कि जब उनका मेहर से तलाक हुआ, उस वक्त उनकी मां कैंसर से जूझ रही थीं। ये उनकी जिंदगी का वो मुश्किल दौर था, जब वह अपने दोस्तों तक से दूर हो गए थे।

### जब मेहर जेसिया संग टूट रहा था अर्जुन रामपाल का रिश्ता..

अर्जुन ने 'Cancelled to Crown' में साइकोलॉजिस्ट सोहिनी के साथ बातचीत में अपनी जिंदगी के सबसे मुश्किल दौर के बारे में बात की। उनसे जब पूछा गया कि उन्होंने अपनी जिंदगी में सबसे ज्यादा अकेलापन कब महसूस किया तो उन्होंने बताया कि उन्हें सबसे ज्यादा अकेलापन तब महसूस हुआ, जब वह खुद से ही कनेक्टेड नहीं थे। वह बताते हैं कि जब उनकी मेहर जेसिया संग शादी टूट रही थी, उनकी जिंदगी अस्थिर हो गई थी। वह कहते हैं- 'मेरी शादी में कुछ ठीक नहीं चल रहा था और वो समय मेरे लिए सबसे मुश्किल था। मुझे लगता है कि प्यार स्टेबल नहीं होता, जिंदगी में कुछ भी स्थिर नहीं होता। हम सब लगातार बदलते रहते हैं।'

### अर्जुन रामपाल की जिंदगी का सबसे मुश्किल दौर..

अर्जुन रामपाल ने अपनी जिंदगी के सबसे मुश्किल वक्त के बारे में बात करते हुए कहा- 'मुझे लगता है कि वो मेरी जिंदगी का सबसे मुश्किल समय था। उसी समय मेरी मां को कैंसर हो गया था और मेरा रिश्ता भी बुरे दौर से गुजर रहा था। एक तरफमैं अपनी मां को खो रहा था और उन सबको भी जो मेरे करीब थे। मैंने 3 साल पहले ही अपने पिता को खोया था और दोस्तों को भी खोता जा रहा था। मैंने जिन्हें भी पाने में मेहनत की, उन सबको खोता जा रहा था।' इसी दौरान अर्जुन ने बताया कि इन सब मुश्किलों से बाहर निकलने में गैब्रिएला ने उनकी मदद की। एक्टर कहते हैं- 'मैं बहुत लकी था कि उस वक्त मुझे गैब्रिएला जैसी पार्टनर मिली।'

# जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पंड्या अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारत के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या खेलने की स्वीकृति मिलने के कुछ घंटे बाद बुधवार को अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए जब उनकी जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया।***

पंड्या बेंगलुरु में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में अपनी पीठ की ऐंठन की चोट से उबरने के बाद खेलने की मंजूरी लेने गए थे। यह चोट उन्हें आईपीएल में मुंबई इंडियन्स के लिए खेलते समय लगी थी।

हो सकता है कि यह नई चोट सीओई में आकलन के दौरान पूरे 10 ओवर की गेंदबाजी करने की वजह से लगी हो। अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला शनिवार को धर्मशाला में शुरू होगी। इसके बाद लखनऊ और चेन्नई में क्रमशः 17 और 20 जून को दो अन्य मैच खेले जाएंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'उन्हें ठीक होने में तीन हफ्ते लगेंगे इसलिए उनके एकदिवसीय श्रृंखला में खेलने की कोई संभावना नहीं है क्योंकि उनका रिहैबिलिटेशन पूरा नहीं हो पाएगा।'

पंड्या आईपीएल में मुंबई इंडियन्स के लिए कुछ मैच नहीं खेल पाए थे लेकिन 24 मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ टीम के आखिरी मैच में वापसी की थी। इस 32 साल के ऑलराउंडर को यह नई चोट ऐसे समय में लगी है जब अगले साल होने वाले एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें अधिक एकदिवसीय क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। एकदिवसीय विश्व कप 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ पहले दौर के मैच के दौरान पंड्या के बाएं टखने में लगी चोट ने टीम का संतुलन बिगाड़ दिया था। दक्षिण अफ्रीका में 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए भारत की योजनाओं में पंड्या अहम बने हुए हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला और फिर अगले महीने

इंग्लैंड के खिलाफ भी इतने ही मैच की श्रृंखला के लिए पंड्या को मैच फिट रखने के मकसद से उन्हें भारत की टी20 टीम से बाहर रखा गया है जबकि वह इस प्रारूप में दो बार विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे हैं।

# हैदराबाद अक्टूबर में तीरंदाजी प्रीमियर लीग के दूसरे सत्र की मेजबानी करेगा..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***हैदराबाद आठ से 18 अक्टूबर तक तीरंदाजी प्रीमियर लीग के दूसरे सत्र की मेजबानी करेगा और पिछले साल हुए पहले सत्र में हिस्सा लेने वाली छह टीमों (फ्रैंचाइजी) की संख्या में कोई बदलाव नहीं किया गया है।***

पहले सत्र वाली छह टीम मौजूदा चैंपियन राजपूताना रॉयल्स (राजस्थान), माइटी मराठाज (महाराष्ट्र), पृथ्वीराज योद्धाज (दिल्ली), काकतीय नाइट्स (तेलंगाना), चेरो आर्चर्स (झारखंड) और चोला चीफ्स (तमिलनाडु) को ही बरकरार रखा गया है। रिकर्व और कंपाउंड वर्ग में कुल 48 भारतीय और अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज हिस्सा लेंगे।

टीम के खिलाड़ियों के करार, मैचों के कार्यक्रम और प्रसारण की जानकारी बाद में दी जाएगी। हर टीम में आठ तीरंदाज होंगे और मुकाबला डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप में होगा। शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी और फाइनल 18 अक्टूबर को होगा।




विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





## मांग बढ़ने के कारण मूंगफली तेल-तिलहन में सुधार



नई दिल्ली, (भाषा)।

***सूरजमुखी और बिनौला तेल के मुकाबले सस्ता होने के बीच मांग बढने के कारण बुधवार को स्थानीय कारोबार में मूंगफ्ली तेल-तिलहन में सुधार देखने को मिला। कम आवक और अचार बनाने वाली कंपनियों की मांग के कारण सरसों तेल-तिलहन के दाम में भी सुधार आया।***

बाजार सूत्रों के अनुसार वहीं कम उपलब्धता की वजह से बिनौला तेल और महाराष्ट्र में प्लांट वालों द्वारा खरीद दाम बढ़ाने के कारण सोयाबीन तिलहन में भी मजबूती देखी गई। सामान्य और सुस्त कामकाज के बीच सोयाबीन तेल और कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल कीमतें स्थिर रहीं।

मलेशिया और शिकॉगो एक्सचेंज में सुधार है। मंगलवार रात भी शिकॉगो एक्सचेंज सुधार के साथ बंद हुआ था। सूत्रों ने कहा कि सूरजमुखी तेल के मुकाबले मूंगफ्ली तेल 7-8 रुपये किलो सस्ता है जबकि बिनौला तेल के मुकाबले यह 1-2 रुपये किलो सस्ता है। सस्ता होने के कारण मूंगफ्ली तेल की मांग बढ़ी है जिसकी वजह से मूंगफ्ली तेल-तिलहन कीमतों में सुधार है। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति इस बात का सूचक है कि जब मौजूदा समय में विदेशी खाद्यतेलों के दाम ऊंचे हैं तो घरेलू उत्पादन वाले तेल हमें सस्ता मिल रहे हैं। यह तेल-तिलहन मामले में आत्मनिर्भरता हासिल करने के मकसद से घरेलू तेल-तिलहन उत्पादन बढ़ाने की जरुरत को रेखांकित करता है। यह हमारे देश के हित में है। सूत्रों ने कहा कि कम आवक और अचार बनाने वाली कंपनियों की बढ़ती मांग के कारण सरसों तेल-तिलहन के दाम में भी सुधार आया।

इस बार सरसों की खपत भी ज्यादा है क्योंकि कुछ समय पहले ही सरसों तेल का दाम आयातित तेलों से 7-8 रुपये किलो सस्ता था। कम उपलब्धता के बीच मांग बढ़ने से बिनौला तेल के दाम में भी सुधार आया।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लातूर में प्लांट वालों द्वारा खरीद दाम बढ़ाये जाने के कारण सोयाबीन तिलहन का दाम भी मजबूत रहा। लातूर के प्लांट वालों ने सोयाबीन का खरीद दाम बढ़ाकर 7,450 रुपये क्विंटल कर दिया है। हालांकि आयातक अभी भी लागत से नीचे दाम पर सोयाबीन तेल तथा पाम-पामोलीन तेल की बिक्री कर रहे हैं।

सूत्रों ने कहा कि लागत से नीचे दाम पर बिक्री की आम प्रवृति बन चली है। इसी आदत ने हमें निरंतर आयात पर निर्भर बनाया है। इससे बैंकों को घाटा हो रहा है और देश के विदेशीमुद्रा का नुकसान है। लेकिन इस गिरावट का लाभ आम उपभोक्ताओं को नहीं मिल पाता। लागत से नीचे दाम की बिक्री से ना तो विदेशीमुद्रा का, ना ही किसानों को और ना ही आम उपभोक्ताओं को कोई लाभ हो रहा है।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे:

सरसों तिलहन - 7,725-7,750 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफ्ली - 6,650-7,225 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफ्ली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,600 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफ्ली रिफाइंड तेल - 2,475-2,775 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 15,800 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,605-2,705 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,605-2,750 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,700 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,650 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,100 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,800 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 16,025 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,600 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,350 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,075-7,125 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 6,925-7,000 रुपये प्रति क्विंटल।

## भारत में 102 गीगावाट की फ्लोटिंग सौर क्षमता, नई योजना जल्द : जोशी



नई दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को कहा कि भारत में 102 गीगावाट-पी (जीडब्ल्यू पीक) से अधिक की जलक्षेत्र में लगने वाली सौर ऊर्जा क्षमता का आकलन किया गया है***

और इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार जल्द ही एक प्रतिबद्ध योजना शुरू करेगी। जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत ने स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और देश वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख स्वच्छ ऊर्जा अगुवा के रूप में उभरा है।

उन्होंने भारत की फ्लोटिंग यानी जल क्षेत्र में लगने वाली सौर क्षमता पर आधारित रिपोर्ट जारी करते हुए बताया कि देश की कुल सौर ऊर्जा क्षमता अब बढ़कर 3,445 गीगावाटपी हो गई है, जिसमें 102 गीगावाटपी से अधिक फ्लोटिंग सौर क्षमता शामिल है। मंत्री ने कहा कि जलाशय और अन्य जल निकाय अब फ्लोटिंग सौर परियोजनाओं के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन के महत्वपूर्ण केंद्र बन रहे हैं। सरकार इस क्षमता का सतत और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए विशेष योजना तैयार कर रही है।

इस अवसर पर जोशी ने लघु जलविद्युत विकास योजना के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल भी पेश किया किया। उन्होंने कहा कि इससे योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगी। यह 2017 के बाद लघु जलविद्युत क्षेत्र में पहला बड़ा नीतिगत हस्तक्षेप है।

उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना और पीएम-कुसुम योजना जैसे कार्यक्रमों के जरिये आम नागरिकों की स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में भागीदारी बढ़ रही है तथा देशभर में नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने की गति तेज हुई है।

जोशी के अनुसार, भारत की गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली क्षमता 2014 के 81 गीगावाट से बढ़कर 288 गीगावाट हो गई है, जबकि सौर ऊर्जा क्षमता 2.8 गीगावाट से बढ़कर 155 गीगावाट तक पहुंच गई है।

उन्होंने बताया कि घरेलू सौर विनिर्माण क्षेत्र में भी तेजी से विस्तार हुआ है। देश की सौर मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता 192 गीगावाट और सौर सेल विनिर्माण क्षमता 30 गीगावाट तक पहुंच चुकी है।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान और मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज के बीच रक्षा प्रतिष्ठानों में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

## ओडिशा ने बीते वित्त वर्ष 5,429 करोड़ रुपये मूल्य के समुद्री खाद्य वस्तुओं का निर्यात किया



भुवनेश्वर, (भाषा)।

***ओडिशा ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 5,428.67 करोड़ रुपये मूल्य के 1,00,897 टन समुद्री खाद्य वस्तुओं का निर्यात किया। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।***

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव यशवीर सिंह ने कहा कि लंबी तटरेखा, 'एक्वाकल्चर' के लिए अनुकूल स्थितियों और मछली पालन से जुड़े बुनियादी ढांचे की वजह से ओडिशा देश के प्रमुख समुद्री खाद्य-निर्यातक राज्यों में से एक बनकर उभरा है।

उन्होंने कहा कि पिछले साल की तुलना में राज्य ने निर्यात की मात्रा में 9.63 प्रतिशत और निर्यात मूल्य में 11.90 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

उन्होंने बताया कि राज्य में अभी 64 पंजीकृत समुद्री खाद्य निर्यातक, 45 प्रसंस्करण संयंत्र, आधुनिक शीत भंडारण सुविधाएं और एक्वाकल्चर के विकास में मदद करने वाली 36 झींगा हैचरी हैं। सिंह ने कहा कि राज्य में वन्नामेई झींगे का उत्पादन इस साल 53,628 टन तक पहुंच गया।

उन्होंने कहा कि राज्य के मछली पालन क्षेत्र को पारादीप, धामरा और बलरामगढ़ी में प्रमुख बंदरगाहों के साथ-साथ बहाबलपुर, बालूगांव, चुड़ामणि और कोसिया में मछली उतारने वाले केंद्रों (फिश लैंडिंग सेंटर्स) का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पारादीप बंदरगाह से कंटेनर के माध्यम से होने वाले समुद्री खाद्य निर्यात में भी काफी बढ़ोतरी देखी गई, जहां कंटेनर की आवाजाही 76 से बढ़कर 158 हो गई। यह 107 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि है।

उन्होंने कहा कि समुद्री उत्पाद निर्यात संवर्धन प्राधिकरण (एमपीईडीए) ने भी राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास और मूल्यवर्धन परियोजनाओं के लिए सहयोग दिया है।

सिंह ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों और बढ़ते बुनियादी ढांचे के कारण ओडिशा में कृषि निर्यात की काफी संभावना है। उन्होंने कहा कि राज्य को निर्यात सूचकांक में शीर्ष 10 में लाने और यह सुनिश्चित करने की कोशिशें की जा रही हैं कि कम से कम दो जिले शीर्ष 20 जिलों की सूची में शामिल हों।

उन्होंने भारत के कुल निर्यात प्रदर्शन पर भी जोर दिया और बताया कि कुल निर्यात वित्त वर्ष 2014-15 में 468 अरब डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 863 अरब डॉलर हो गया, जिसकी सालाना संचयी वृद्धि दर (सीएजीआर) 5.7 प्रतिशत रही।

उन्होंने बताया कि सामान का निर्यात 310 अरब डॉलर से बढ़कर 442 अरब का डॉलर हो गया, जबकि सेवाओं का निर्यात 158 अरब डॉलर से बढ़कर 421 अरब डॉलर से ज्यादा हो गया।

## मोदी सरकार के 12 वर्षों में कृषि मंत्रालय का बजट पांच गुना बढ़ा



नई दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि मोदी सरकार के पिछले 12 वर्षों के कार्यकाल में कृषि मंत्रालय का बजट लगभग पांच गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1.4 लाख करोड़ रुपये हो गया है।***

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे होने पर 'सार्वजनिक सेवा एक संकल्प' शीर्षक से जारी पुस्तिका में यह जानकारी दी गई। वित्त वर्ष 2013-14 में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का बजट 27,663 करोड़ रुपये था।

पुस्तिका के मुताबिक, केंद्र सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसके तहत 2014 से 2025 के दौरान करीब 3,000 जलवायु-प्रतिरोधी फसल किस्में विकसित की गईं।

इसके अलावा, 26 करोड़ से अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए गए जिससे किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग में मदद मिली।

सरकार ने अपनी उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' (पीएम-किसान) योजना के तहत अब तक 4.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों को हस्तांतरित की जा चुकी है। इस योजना के तहत पात्र किसानों को सालाना 6,000 रुपये तीन समान किस्तों में दिए जाते हैं।

उर्वरक सब्सिडी पर सरकार के व्यय का उल्लेख करते हुए पुस्तिका में कहा गया है कि 2024-25 में यह बढ़कर 2.21 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि 2014-15 में यह 75,000 करोड़ रुपये था। यूरिया पर करीब 90 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है।

पुस्तिका के मुताबिक, इन प्रयासों की वजह से वित्त वर्ष 2024-25 में खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 3,577 लाख टन तक पहुंच गया।

सरकार ने यह भी कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर पिछले 12 वर्षों में 26 लाख करोड़ रुपये से अधिक की खरीद की गई, जिससे किसानों को बाजार मूल्य में उतार-चढ़ाव से सुरक्षा मिली है।

केंद्र ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में कृषि निर्यात पांच लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो 2013-14 की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक है।

पुस्तिका के मुताबिक, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के दायरे में शामिल किसानों में 63 प्रतिशत अनुसूचित जाति/ जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) वर्ग से संबंधित हैं।

जैविक खेती को बढ़ावा देने और रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम करने के लिए परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई) के तहत लगभग 19 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को शामिल किया गया है। यह योजना 2015 में राष्ट्रीय टिकाऊ कृषि मिशन के तहत शुरू की गई थी। इसके अलावा, 25 लाख से अधिक छोटे एवं सीमांत किसानों ने 'सामाजिक सुरक्षा योजना पीएम किसान मानधन योजना' में पंजीकरण कराया है। डिजिटल कृषि मिशन के तहत अब तक किसानों के लगभग 11 करोड़ एग्रीस्टैक डिजिटल पहचान तैयार की जा चुकी हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी के 12 साल: सरकार ने कर सुधार, डिजिटल पहल, निवेशक भरोसे की उपलब्धियां गिनाईं



नई दिल्ली, (भाषा)।

***सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल में कर सुधारों से लेकर डिजिटल पहल और कारोबारी सुगमता से लेकर तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने जैसी उपलब्धियां बुधवार को रेखांकित की। मोदी देश में सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं।***

उन्होंने इस क्रम में पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के 4,398 दिनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

केंद्र सरकार की तरफ से जारी एक पुस्तिका में कहा गया कि पिछले 12 वर्षों में आयकर बोझ में आई कमी सरकार की 'रामराज्य' की अवधारणा को दर्शाती है। इसमें कहा गया कि जीएसटी, चेहरा-रहित कर व्यवस्था और डिजिटल इंडिया जैसे सुधारों ने सार्वजनिक व्यवस्था में विश्वास को मजबूत किया है, जो भारत को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में मददगार होगा।

पुस्तिका के अनुसार, करदाताओं के बढ़ते भरोसे ने सड़क, अस्पताल, बुनियादी ढांचे और अन्य विकास परियोजनाओं में निवेश बढ़ाने का काम किया है।

पुस्तिका के मुताबिक, ÷कर बोझ घटा है और लोगों का भरोसा बढ़ा है। इसका परिणाम यह है कि करदाताओं की संख्या लगातार बढ़ रही है क्योंकि लोग देख रहे हैं कि उनका पैसा सड़कों, अस्पतालों और देश के भविष्य पर खर्च हो रहा है। यही सुशासन है और यही 'रामराज्य' का संदेश है।÷

इसके मुताबिक, भारत की वृद्धि यात्रा 'पांच नाजुक देशों' (फ्रेज्गाइल फइव) से आगे बढ़कर 'सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था' तक पहुंच गई है। वर्ष 2013 में भारत को दुनिया की पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था, लेकिन निर्णायक सुधारों ने स्थिति को पूरी तरह बदल दिया। सरकार ने कहा कि महंगाई को नियंत्रित किया गया, जीएसटी लागू कर पूरे देश को एकीकृत बाजार बनाया गया तथा बैंकिंग सुधारों के जरिए गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) में कमी आई है।

पुस्तिका के अनुसार, भारत आज पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, जो केवल एक आंकड़ा नहीं बल्कि हर भारतीय के सपनों की उड़ान है।

सरकार के डिजिटल इंडिया अभियान की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए जारी एक आधिकारिक दस्तावेज में कहा गया कि 2014 की तुलना में एक जीबी डेटा की कीमत 97 प्रतिशत घटकर लगभग 8-10 रुपये रह गई है, जबकि पहले यह 269 रुपये थी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की खपत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और लोगों के लिए नए अवसर खुले हैं।

इस दस्तावेज के मुताबिक, पिछले 12 वर्षों में देश में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या लगभग चार गुना बढ़कर दिसंबर 2025 तक 103 करोड़ हो गई है, जबकि 2014 में यह लगभग 25 करोड़ थी। इस दौरान ब्रॉडबैंड कनेक्शन की संख्या छह करोड़ से करीब 17 गुना बढ़कर करीब 100 करोड़ हो गई है।

'सार्वजनिक सेवा एक संकल्प' शीर्षक वाली पुस्तिका में किसानों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को भी रेखांकित किया गया है।पुस्तिका के मुताबिक, पिछले 12 वर्षों में कृषि मंत्रालय का बजट पांच गुना बढ़कर चालू वित्त वर्ष में 1.4 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह कदम कृषि क्षेत्र को मजबूत करने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

इस पुस्तिका में कहा गया है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत अब तक किसानों को 4.3 लाख करोड़ रुपये बांटे जा चुके हैं। इस योजना में किसानों को सालाना 6,000 रुपये तीन समान किस्तों में दिए जाते हैं।

उद्योग जगत ने सरकार की तरफसे उठाए गए सुधारात्मक कदमों और नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के परिवर्तनकारी नेतृत्व में भारत एक प्रभावशाली वैश्विक आवाज बनकर उभरा है।

विभिन्न उद्योग मंडलों ने कारोबार में सुगमता बढ़ाने पर सरकार के जोर का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ है तथा देश में अनुकूल कारोबारी माहौल बना है।

## सब्सिडी नहीं लेने वाले ग्राहक छतों पर सौर प्रणाली लगाने को नॉन-डीसीआर उपकरण का कर सकते उपयोग..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्र सरकार की सब्सिडी नहीं लेने वाले ग्राहक प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत छतों पर सौर प्रणाली***

लगाने के लिए नॉन-डीसीआर (घरेलू सामग्री की आवश्यकता) सौर-उर्जा मॉड्यूल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने यह कहा। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि अगर कोई घरेलू रूफ्टॉप सौर-उर्जा ग्राहक सब्सिडी या केंद्रीय वित्तीय सहायता छोड़ने के विकल्प के साथ नेट मीटरिंग का लाभ उठा रहा है, तो उसे योजना की अवधि खत्म होने यानी 31 मार्च 2027 तक ही एएलएमएम (मॉडल और विनिर्माताओं की स्वीकृत सूची) सूची-दो (सौर-उर्जा पीवी बिक्री के लिए) के नियमों से छूट मिलेगी। मंत्रालय ने यह भी कहा है कि इन ग्राहकों को केवल पीएमएसजी नेशनल पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना होगा।

मंत्रालय ने कहा कि ऐसे परियोजनाओं को एएलएमएम-दो से छूट का दावा करने के लिए राष्ट्रीय सौर-उर्जा संस्थान (एनआईएसई) के डीसीआर पोर्टल पर अलग से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि कोई अन्य आरटीएस (रूफ्टॉप सौर-उर्जा) परियोजना इस सीमित छूट के दायरे में नहीं आएंगे और उन पर मौजूदा नियम लागू होंगे।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# नाराज पत्नी को मायके से लाने गया था पति, परिवार नहीं माना तो बुजुर्ग सास-ससुर को कर दिया आग के हवाले..



डेस्क जगप्रेरणा।

***ओडिशा के मयूरभंज जिले में एक घरेलू विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया, जब एक व्यक्ति ने अपने सास-ससुर को आग के हवाले कर दिया। यह घटना मयूरभंज जिले के सुलियापड़ा थाना क्षेत्र के नौपड़ा गांव में मंगलवार देर रात करीब 2:30 बजे हुई।***

इस घटना में ससुर गंभीर रूप से झुलस गए हैं, जबकि सास भी आग से घायल हुई हैं। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

### क्या है पूरा मामला?

जानकारी के अनुसार आरोपी की पहचान शेख सगीर उर्फसिकंदर के रूप में हुई है। उसकी शादी करीब पांच साल पहले हुई थी। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। परिवार के लोगों का आरोप है कि सगीर अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था और उसे लगातार प्रताड़ित करता था। घरेलू हिंसा से परेशान होकर उसकी पत्नी कुछ समय पहले अपने मायके लौट आई थी। परिवार ने इस विवाद को सुलझाने के लिए कई बार स्थानीय बुजुर्गों और ग्रामीणों की मदद ली थी। कई बार बातचीत के जरिए दोनों पक्षों में समझौता कराने की कोशिश भी की गई, लेकिन इसके बावजूद आरोपी का व्यवहार नहीं बदला। पत्नी के मायके में रहने से वह लगातार नाराज था और उसे वापस ले जाने के लिए कई बार ससुराल भी पहुंचा था।

### सास-ससुर के साथ हुआ था विवाद..

मंगलवार रात भी आरोपी अपनी पत्नी को वापस ले जाने के उद्देश्य से ससुराल पहुंचा था। बताया जा रहा है कि इस दौरान उसका अपने सास-ससुर के साथ तीखा विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के बाद उसने गुस्से में आकर पेट्रोल का इस्तेमाल किया और अपने बुजुर्ग सास-ससुर को आग लगा दी। घटना की प्रत्यक्ष पीड़िता और आरोपी की सास सुहाना बीबी ने बताया कि जब पूरा परिवार रात में सो रहा था, तभी आरोपी घर पहुंचा।

उसने पेट्रोल छिड़का और आग लगा दी। उन्होंने दावा किया कि यह पहली बार नहीं था जब आरोपी ने ऐसा किया हो। इससे पहले भी वह उनके घर के बाहर कपड़े सुखाने वाली रस्सी में कथित तौर पर आग लगा चुका था। उस समय किसी तरह आग पर काबू पा लिया गया था, लेकिन इस बार घटना बेहद गंभीर साबित हुई।

### घायलों का अस्पताल में इलाज जारी..

आग लगने के बाद पूरे घर में चीख पुकार मच गई। परिवार के सदस्य जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे। सुहाना बीबी ने बताया कि उन्होंने अपने पति को आग से बचाने की कोशिश की, जिसके दौरान उनके हाथ और शरीर के अन्य हिस्से भी झुलस गए। इस घटना में उनके पति शेख हारून अली सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं।

अभी तक की जानकारी के अनुसार उनके शरीर का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा आग से झुलस गया है। उनकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज बारिपदा स्थित पीआरएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में चल रहा है। डॉक्टर लगातार उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। वहीं, सुहाना बीबी भी गंभीर रूप से घायल हुई हैं। उनके हाथ, जांघ और शरीर के अन्य हिस्सों में आग से जलने की चोटें आई हैं। हालांकि, उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है, लेकिन अस्पताल में उनका भी इलाज किया जा रहा है।

### आरोपी परिणाम भुगतने की चेतावनी दे चुका था..

घटना के बाद पीड़ितों की चीखें सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों और पड़ोसियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। परिवार का कहना है कि आरोपी पहले भी उन्हें धमकियां देता रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि सगीर कई बार गुस्से में गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दे चुका था। परिवार का दावा है कि उसने पहले भी घर को आग लगाने की कोशिश की थी, जिससे वे पहले से ही डरे हुए थे।

### पुलिस कर रही आरोपी की तलाश..

घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने उसके खिलाफमामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश में विशेष अभियान शुरू किया है। सुलियापड़ा पुलिस आसपास के इलाकों में छापेमारी कर रही है और आरोपी के संभावित ठिकानों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस अधिकारियों द्वारा मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। आग लगने की परिस्थितियों, हुए नुकसान और परिवार द्वारा लगाए गए आरोपों की भी जांच की जा रही है। साथ ही आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है, जबकि अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे बुजुर्ग ससुर की हालत चिंता का विषय बनी हुई है। पूरे मामले पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस की नजर बनी हुई है।

# दुबई में बस और ट्रक की टक्कर में 7 की मौत, 9 लोग घायल; कई भारतीय भी शामिल..



डेस्क जगप्रेरणा।

***इस वक्त की बड़ी खबर दुबई से सामने आ रही है। यहां मिनीबस और ट्रक के बीच सड़क पर टक्कर हो गई। इस दर्दनाक सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई है।***

वहीं 9 लोग घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक बस में कई भारतीय मजदूर सवार थे। फिलहाल हादसे के बाद दुबई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने घटना पर दुख व्यक्त किया है। इसके साथ ही दूतावास ने कहा है कि वह स्थानीय अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं। घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं। फिलहाल घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मिनीबस और ट्रक में हुई टक्कर..

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को दुबई में एक मिनीबस और ट्रक के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में कई भारतीय कामगारों की मौत हो गई है। दुबई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'दुबई में हुए इस दुखद हादसे से हम बेहद दुखी हैं, जिसमें कई भारतीय कामगारों की जान चली गई।' वाणिज्य दूतावास ने कहा कि वह स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर हर संभव सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए काम कर रहा है।

### बीच सड़क पर रुक गया था ट्रक..

दुबई पुलिस के यातायात विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर जुमा सलेम बिन सुवैदान ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि तकनीकी खराबी के कारण ट्रक अमीरात रोड के बीचोंबीच अचानक रुक गया था। उन्होंने एक बयान में कहा, 'बस चालक ने कथित तौर पर ध्यान नहीं दिया और सुरक्षित दूरी नहीं रखी, जिसके चलते उसने पीछे से ट्रक को टक्कर मार दी।' उन्होंने आगे कहा, 'इस दुर्घटना में 7 लोगों की मौत हो गई और 9 लोग घायल हो गए, जिनमें पांच गंभीर रूप से घायल और चार मध्यम रूप से घायल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।'

### अधिकारियों ने घायलों से की मुलाकात..

भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने अस्पताल का दौरा किया और घायल भारतीयों से मुलाकात की। ब्रिगेडियर जुमा सलेम ने बताया कि दुर्घटना के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए यातायात दुर्घटना जांच अनुभाग के विशेषज्ञों को घटनास्थल पर भेजा गया है, ताकि वे निरीक्षण कर सटीक साक्ष्य जुटा सकें। उन्होंने कहा, 'यातायात गश्ती दल ने यातायात को नियंत्रित किया, घटनास्थल को सुरक्षित किया और बचाव वाहनों के लिए आवागमन सुगम बनाया। कार्य दल ने क्षतिग्रस्त ट्रक और बस को भी हटाया ताकि यातायात सामान्य रूप से चल सके।'

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*

# बच्चे ने निगल ली जन्मदिन के केक में लगी धातु की पिन..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***ठाणे में एक बच्चे के जन्मदिन का जश्न उस समय परिवार के लिए एक बुरे सपने में बदल गया, जब उसने अपने केक में कथित रूप से लगी धातु की पिन निगल ली।***

बच्चे की मां ने सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में यह जानकारी दी। यह घटना 31 मई की है, जब परिवार ने तीन वर्षीय रेयांश के लिए शहर की एक बेकरी से केक मंगवाया था।

हालांकि, बच्चे का जन्मदिन एक जून को था, लेकिन रविवार होने के कारण रिश्तेदारों की सुविधा के लिए परिवार ने एक दिन पहले ही इसे मनाया था। मां ने बताया, 'वह अपना पसंदीदा केक देखकर बहुत खुश था। उस पर सुनहरे रंग की पिन लगी हुई थी।' उन्होंने बताया कि बच्चा खुद ही केक खाने लगा था।

परिवार इस बात से पूरी तरह अनजान था कि केक पर सजावट के लिए लगाई गई हर पिन को सहारा देने के लिए उसके अंदर कथित रूप से धातु के तार लगाए गए थे। मां का आरोप है कि केक विक्रेता ने ऑर्डर देने या केक सौंपते समय इस छिपे हुए धातु के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं दी थी।

परिवार का ध्यान इस खतरे की ओर तब गया, जब घर के दो बड़े बच्चों ने केक का टुकड़ा मुंह में लिया और उनके माता-पिता ने अंदर 'किसी सख्त चीज' के होने की बात कही। मां ने बताया कि जब केक विक्रेता से इस बारे में पूछा गया, तो उसने पुष्टि की कि केक में धातु के तारों का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, 'रेयांश इसे निगल चुका था। हमने उसके जन्मदिन की पूर्व संध्या केक, परिवार और खुशियों के साथ मनाई थी।' उन्होंने केक में धातु के टुकड़े मिलने की बात को 'अपने जीवन का सबसे बुरा सपना' बताया।

मां ने कहा कि यह घटना जानलेवा भी हो सकती थी। उन्होंने केक विक्रेताओं से अपील की कि वे सजावट में इस्तेमाल होने वाली ऐसी सामग्रियों के बारे में पहले ही जानकारी दें जो खाने योग्य नहीं होती हैं। उन्होंने माता-पिता से भी आग्रह किया कि वे बच्चों को केक परोसने से पहले उसकी अच्छी तरह जांच कर लें। इस मामले में अभी तक पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। माता-पिता के अनुसार, बच्चे को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने कहा कि शरीर के अंदर गई यह बाहरी वस्तु खुद बाहर निकल जाएगी; और अंततः ऐसा ही हुआ।

## नीट की दोबारा परीक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम:

# स्वास्थ्य, शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने दिया आश्वासन..




जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने बुधवार को एक संसदीय समिति को आश्वस्त किया कि 21 जून को नीट-यूजी पुनर्परीक्षा निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। तीन मई को आयोजित स्नातक चिकित्सा प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी को प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के चलते 12 मई को रद्द कर दिया गया।***

इसके बाद, नीट पुनर्परीक्षा कराने के मामले पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मामलों की संसदीय समिति ने दोनों मंत्रालयों के सचिवों को तलब किया था। समिति ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) के शीर्ष अधिकारियों को भी तलब किया था। समिति के सदस्यों ने अधिकारियों से प्रवेश परीक्षाओं को निष्पक्ष, पारदर्शी और गड़बड़ी-मुक्त बनाने के लिए पूरी तरह भरोसेमंद एवं त्रुटिरहित व्यवस्था अपनाने को कहा।

समिति के सदस्यों ने अधिकारियों से कहा कि चीन, अमेरिका और अन्य देशों में भी इसी प्रकार की प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं, लेकिन वहां प्रश्नपत्र लीक होने या अन्य अनियमितताओं की घटनाएं सामने नहीं आतीं। सदस्यों ने अधिकारियों को दूसरे देशों के सर्वोत्तम तौर तरीकों और प्रक्रियाओं से सीख लेने तथा उन्हें अपनाने की सलाह दी, ताकि देश की परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह सुरक्षित, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाया जा सके।

समिति ने परीक्षा एजेंसी का हौसला बढ़ाने के साथ एनएमसी और एनटीए के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। सदस्यों ने छात्रों की आत्महत्या के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई और साथ ही पेपर लीक व परीक्षा रद्द होने की वजह से उम्मीदवारों में बढ़ती घबराहट का भी ज़िक्र किया। अधिकारियों ने समिति के सदस्यों को आश्वस्त किया कि 21 जून को नीट-यूजी की दोबारा परीक्षा के लिए पूरी तरह सुरक्षित, पारदर्शी और त्रुटिरहित व्यवस्थाएं की गई हैं। नीट-यूजी प्रश्नपत्र विवाद के बाद यह तीसरी संसदीय समिति थी, जिसके समक्ष स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्रालयों, एनटीए तथा एनएमसी के शीर्ष अधिकारियों ने पेश होकर अपना पक्ष रखा।

# दक्षिण अफ्रीका में अज्ञात हमलावरों की गोलीबारी में 12 लोगों की मौत, नौ अन्य घायल..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में देर रात हमलावरों की अंधाधुंध गोलीबारी में 12 लोगों की मौत हो गयी जबकि कम से कम नौ अन्य घायल हो गये। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।***

पुलिस ने कहा है कि मंगलवार देर रात जोहानिसबर्ग के क्लीवलैंड इलाके की एक बस्ती में एक मिनीबस से 10 से ज़्यादा संदिग्ध लोग उतरे और उन्होंने लोगों पर गोलियां चला दीं एवं फिर भाग गये। जोहानिसबर्ग में लंबे समय से संगठित आपराधिक गिरोहों की हिंसा नजर आती रही है। ये गिरोह अवैध खनन या अन्य गतिविधियों पर नियंत्रण काम करने के लिए हिंसा करते हैं। हालांकि पुलिस ने कहा है कि नवीनतम गोलीबारी की मंशा की अभी जांच ही चल रही है।

पुलिस ने बताया कि हमलावर एक मिनीबस से बस्ती में उतरे और 'वे इलाके में घूमते हुए कई जगहों पर स्थानीय लोगों पर गोलियां चलाते रहे, और फिर उसी गाड़ी में बैठकर वहां से भाग गए।' पुलिस के अनुसार इस गोलीबारी में नौ पुरुषों और तीन महिलाओं की जान चली गयी। पुलिस का कहना है कि 11 लोगों की मौत मौके पर ही हो गई और 12वें व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ा। पुलिस ने बताया कि संदिग्धों और गाड़ी की तलाश शुरू कर दी गई है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। प्रांतीय पुलिस आयुक्त टॉमी मथोम्बेनी ने इन हत्याओं को 'पागलपन भरा, बेरहम

और कुछ हद तक बर्बर' बताया। उन्होंने कहा कि अभी जांच चल रही है, इसलिए इन्हें अवैध खनन करने वाले गिरोहों से जोड़ना जल्दबाजी होगी, लेकिन पुलिस इस संभावना पर भी विचार कर रही है कि यह घटना का मकसद हो सकता है। बुधवार सुबह हताहतों को ले जाने के लिए एम्बुलेंस मौके पर मौजूद थीं, जबकि समुदाय के लोग सड़कों पर समूहों में जमा थे।

# बहराइच में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, छह अन्य घायल..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

बहराइच जिले में बुधवार को एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार यह हादसा जरवल रोड थाना क्षेत्र में उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार इको कार के चालक ने सड़क पर मोटरसाइकिल सवार को बचाने का प्रयास किया। उसने बताया कि इस दौरान इको कार की सामने से आ रही आर्टिगा कार से जोरदार टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि इको कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को मुस्तफाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेजा गया जिनमें से कुछ लोगों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान अरुण तथा मोहम्मद इरशाद की मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है तथा मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# फरीदाबाद में मकान का छज्जा गिरने से महिला की मौत..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***हरियाणा में फरीदाबाद के बल्लभगढ़ स्थित सुभाष कॉलोनी के हरि विहार इलाके में बुधवार सुबह अपने मकान का छज्जा गिर जाने से 55-वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।***

पुलिस के मुताबिक, यह घटना सुबह करीब छह बजे उस वक्त हुई, जब महिला छज्जे पर बने शौचालय में थी। अचानक छज्जा और उस पर बना ढांचा ढह गया, जिससे महिला मलबे के नीचे दब गई और उसे गंभीर चोटें आईं। आवाज सुनकर परिवार के सदस्य और पड़ोसी मौके पर पहुंचे और मलबा हटाया। हालांकि, पुलिस ने बताया कि जब तक महिला को बाहर निकाला गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक महिला की पहचान जयावती के रूप में हुई है। जयावती की बेटी संगीता ने बताया कि वह और उनकी दो बहनें गर्मियों की छुट्टियों में अपनी मां के घर आई हुई थीं। बेटियों ने कहा कि वे अपने पिता को पहले ही खो चुकी थीं और अब इस हादसे ने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया है। घटना की सूचना मिलने पर आदर्श नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। आदर्श नगर के थाना प्रभारी (एसएचओ) मनोज कुमार ने बताया, 'हमने शव को कब्जे में लेकर इसे पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया है।'

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता



रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200




जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा ग्रामीण
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

गुरूवार 11 जून 2026


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गणेश भदाड़े आमगांव
मो. 7745823591



# देवरी में फ्लाईओवर के लिए जोरदार लॉबिंग, गुट नेता शैंकी भाटिया के प्रयासों को बड़ी सफलता..

### अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष प्यारे खान, सांसद किरसान और सांसद पडोले ने दिया सकारात्मक आश्वासन..



जगप्रेरणा देवरी।

***देवरी शहर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर 'सिंगल कॉलम' (सिंगल पिलर) फ्लाईओवर का निर्माण किया जाए, इस प्रमुख मांग को लेकर देवरी वासियों ने अब सीधे केंद्रीय***

स्तर पर गुहार लगाई है। देवरी नगर पंचायत के कांग्रेस गुट नेता शैंकी भाटिया के नेतृत्व में 'कृति समिति देवरी' के पदाधिकारियों ने 7 जून को नागपुर में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण समिति **(NHAI)** के सदस्य प्यारे खान से मुलाकात की और उन्हें एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

शहर के बीचो बीच से गुजरने वाले इस फ्लाईओवर के कारण स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों को नुकसान न हो, इसके लिए केवल 'सिंगल कॉलम' पुल ही सुविधाजनक साबित होगा; यह बात शैंकी भाटिया ने प्यारे खान के संज्ञान में लाई। इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए प्यारे खान ने कहा कि वह देवरी की जनता को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### दोनों सांसदों से पैरवी के लिए लगाई गुहार..

इसी दौरे के दौरान गुट नेता शैंकी भाटिया ने नवनिर्वाचित सांसद नामदेवजी किरसान और सांसद प्रशांतजी पडोले से भी मुलाकात की। उन्होंने दोनों सांसदों से अनुरोध किया कि वे देवरी में फ्लाईओवर के मुद्दे को संसद और सड़क परिवहन मंत्रालय में प्रभावी ढंग से उठाएं और केंद्रीय मंत्री नितिनजी गडकरी से इस प्रस्ताव को मंजूरी दिलवाएं।

### नेताओं से 'सिंगल कॉलम' पुल के लिए ग्रीन सिग्नल..

अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष प्यारे खान, सांसद नामदेवजी किरसान और सांसद प्रशांतजी पडोले ने शैंकी भाटिया और देवरी की कृति समिति के पदाधिकारियों–दीपक अग्रवाल, गोपाल तिवारी, कुलदीप लांजेवार, विनोद अग्रवाल, शशिकांत उमाटे को पूरी तरह आश्वस्त किया है।

'देवरी की जनता के हित के लिए सिंगल कॉलम फ्लाईओवर बनना चाहिए, इसके लिए हम हमेशा तैयार हैं और केंद्रीय मंत्री नितिनजी गडकरी के पास संयुक्त रूप से इसका लगातार फॉलोअप (पैरवी) करेंगे,' इन तीनों नेताओं ने यह गवाही (आश्वासन) दी। शैंकी भाटिया के इस सफल हस्तक्षेप और निरंतर प्रयासों के कारण देवरी में 'सिंगल कॉलम' फ्लाईओवर की मांग को अब बड़ी ताकत मिली है, और उनके इन प्रयासों की देवरी तालुका में जमकर सराहना हो रही है।

# मृग नक्षत्र की दस्तक, लेकिन झमाझम बारिश अब भी 'लापता'

### रोहिणी बीती, मृग भी सूखा, मानसून की सुस्ती ने बढ़ाई चिंता..

गणेश भदाडे जगप्रेरणा आमगांव।

***मृग नक्षत्र की शुरुआत के साथ ही किसानों और आम जनता को भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद थी, लेकिन मानसून की कछुआ चाल ने सबको निराश कर दिया है।***



नक्षत्र बदलने के बावजूद आसमान से आग बरस रही है और बारिश पूरी तरह से लापता है। दोपहर के समय चलने वाली गर्म हवाओं के कारण लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं। खेती-किसानी पर संकट के बादल, आमतौर पर मृग नक्षत्र लगते ही किसान खरीफ फसलों की बुआई की तैयारियों में जुट जाते हैं। कई क्षेत्रों में खेतों की जुताई का काम पूरा हो चुका है, लेकिन पानी के अभाव में बुआई अटकी हुई है। यदि अगले कुछ दिनों में जोरदार बारिश नहीं हुई, तो फसलों के चक्र पर इसका बुरा असर पड़ सकता है।

### मौसम विभाग का अनुमान..

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, हवा के कम दबाव का क्षेत्र सही तरीके से न बनने के कारण मानसून की रफ्तार धीमी हुई है। हालांकि, अगले 48 से 72 घंटों में स्थानीय स्तर पर बादल छाने और हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल, उमस और चिलचिलाती धूप ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। **तापमान का हाल:** जिले का तापमान सामान्य से 2-3 डिग्री ऊपर चल रहा है। **पानी की किल्लत:** बारिश न होने से जलस्रोतों का वाटर लेवल लगातार घट रहा है। **बाजार पर असर:** भीषण उमस के कारण कूलर और एसी के बाजारों में भीड़ बढ़ गई है।




## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### हमारी बोरवेल सुधार दे बोलने पर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 8/6/2026 के दोपहर 2 बजे के दरम्यान ग्राम जमाकुडो मे फर्यादी काशिराम फागु चौरे उम्र 57 वर्ष निवासी जमाकुडो और आरोप एक ही गाव के होकर घटना के समय आरोपी अपने घर मे बोरवेल खुदाई कर रहा था। फर्यादी ने कहा हमारी बोरवेल बंद है, उसे पहले सुधार दे, इस बात पर दोनो आरोपी ने कहा तु यहा शहानपण मत बता बोलकर लाथ घुसो से मारपीट की और आगे देख लेने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 297/2026 धारा 118, 1, 115, 2, 351, 2, 352, 33, 5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा गणेश सौंजाल पोस्टे साले कसा कर रहे है।

### शराब के नशे मे बोरवेल खुदाई कर रहे बुजुर्ग से की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 8/6/2026 के 9 बजे के दरम्यान जमकुडो मे फर्यादी ने अपने घर मे बोरवेल खुदाई के लिये मशीन लाया और काम चालू था। वहा आरोपी ने आकर कहा मेरी बोरवेल बंद है तु पहले उसे बना बोलकर गालीगलोच कर मारपीट की और आगे देख लेने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 296/2026 धारा 296, ब,115,2,351,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा गणेश सौंजाल पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

### तु पुलिस स्टेशन मे रिपोर्ट देने गया तो तुझे जान से मारने की दी धमकी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 1/6/2026 के सुबह 9 बजे के दरम्यान ग्राम सोनपुरी मे फर्यादी कल्लु मिशरी दसरीया उम्र 80 वर्ष निवासी सोनपुरी का नाती भरतलाल पैसे मांग रहा था। उस समय घर मे मेहमान भी आये हुवे थे, फर्यादी ने कहा तु बड़ा हो गया है कैसे रहना तुझे समझता नही क्या नही तो तेरे खिलाफ पुलिस मे शिकायत करता हु बोला तो आरोपी ने कहा यदी शिकायत दिया तो तुझे जान से मार दूंगा बोलकर धक्का दिया फर्यादी निचे गिरने से उसका पैर फ्रैक्चर होने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 298/2026 धारा 117, 2, 351, 3, 352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोना कृष्णकुमार कानसकर पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

### मरारटोली रेल्वे फाटक के पास रेल्वे से कटकर आदमी की मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 8/6/2026 के रात 8 बजे के दरम्यान मरारटोली रेल्वे फाटक के पास के एम 1023/26 के रन ओव्हर मे एक युवक मृत अवस्था मे पडा है। स्टेशन मास्टर के मेमो पर पुलिस को जानकारी मिली की मृतक का नाम महेश शिवनाथ तिवारी उम्र 59 वर्ष निवासी गणेश नगर गोंदिया है फर्यादी मयुर संजय शहारे के दिये बयान और मेमो पर पोस्टे रामनगर मे अकस्मात मौत क्रमांक 10/2026 धारा 194, भारतीय नागरीक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा रहांगडाले पोस्टे रामनगर कर रहे है।

# बोदलकसा जलाशय में नौकाविहार के दौरान दो किशोर डूबे, तलाश जारी..

जगप्रेरणा तिरोड़ा।

***तिरोड़ा तहसील के बोदलकसा जलाशय में आज बुधवार दि 10 जुन को एक बेहद दुखद घटना सामने आई। बरबसपुरा गांव के नौ युवकों का एक समूह घूमने के लिए***







जलाशय क्षेत्र में गया था। इस दौरान सभी युवक मछुआरों की डोंगी (नाव) में नौकाविहार कर रहे थे, तभी हादसा हो गया और दो युवक जलाशय में डूब गए।

डूबने वाले युवकों की पहचान मोहित वसंत रहांगडाले तथा कुणाल शालिकराम भोंडे, दोनों निवासी बरबसपुरा, के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही तिरोड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और खोजबीन शुरू कर दी। तिरोड़ा-गोरेगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजयभाऊ रहांगडाले ने भी तत्काल घटनास्थल पहुंचकर बचाव एवं खोज अभियान की जानकारी ली तथा आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

नौकाविहार करने गए युवकों में अक्षय नरेंद्र बिसेन, राकेश राधेश्याम लाडे, निखिल इंदल पटले, लक्की संजय रहांगडाले, प्रलय राधेश्याम पारधी, मनीष रमेश कोकूडे, अविनाश श्रावण टेकाम, मोहित वसंत रहांगडाले और कुणाल शालिकराम भोंडे शामिल थे।

समाचार लिखे जाने तक दोनों युवकों के शव बरामद नहीं हो सके थे और पुलिस तथा स्थानीय प्रशासन की ओर से खोज अभियान जारी था। घटना से बरबसपुरा गांव सहित पूरे क्षेत्र में शोक और चिंता का माहौल व्याप्त है।

# ओबीसी बहुजन फेडरेशन की कार्यकारी समिति का गठन..

जगप्रेरणा देवरी।

***दशकों से ओबीसी समुदाय के साथ हो रहे अन्याय को स्थायी रूप से समाप्त करने, ओबीसी समुदाय में एकता स्थापित करने,***





ओबीसी समुदाय की जनगणना कराने और केंद्र सरकार के 'घर संपर्क' अभियान में ओबीसी समुदाय को शामिल करने के उद्देश्य से, अखिल भारतीय ओबीसी बहुजन फेडरेशन के जिला अध्यक्ष वी. टी. पटले की अध्यक्षता में 7 जून को देवरी स्थित विश्राम गृह में एक बैठक आयोजित की गई और एक तालुका कार्यकारी समिति का गठन किया गया।

इसमें तालुका अध्यक्ष के रूप में राम गायधने, उपाध्यक्ष छोटेलाल बिसेन, रतिराम दरवड़े, सुरेश चन्ने, नरेश कुंभलकर, सचिव सुशील शेंद्रे, संदीप तावड़े, सह सचिव कृष्णा ब्राह्मणकर, घनश्याम फरकुंडे, कोषाध्यक्ष वामन बडवाइक, संगठन सचिव चुन्नू नेवारगड़े, मार्गदर्शक सदस्य संतोष तिवारी, सलाहकार शामिल हैं। तालुका से जिला कार्यकारिणी के लिए प्रशांत सांगीद्वार, भैयालाल चांदेवार, संदीप तिडके, नेमीचंद अंबिलकर, भोजराज हुड, वामनराव राऊत, दीपक कापसे, के.टी. कांबले को सर्वसम्मति से चुना गया है, जबकि जिला उपाध्यक्ष शेखर कनोजे, राजेश चांदेवार और संयुक्त सचिव दीपक चुटे को सर्वसम्मति से चुना गया है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गणेश पारधी, जिला उपाध्यक्ष डी. टी. गौतम, महासचिव डॉ. प्रकाश पाटले, गोरेगांव तालुका अध्यक्ष योगेश्वर चौधरी, सड़क अर्जुनी तालुका अध्यक्ष अभय फुले व अन्य उपस्थित थे।

# नगर पंचायत सालेकसा में पानी के टैंकर का उद्घाटन

जगप्रेरणा सालेकसा।

***10 जून, 2026 को नगर पंचायत सालेकसा में नए उपलब्ध पानी के टैंकर का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर विजय सुदाम फुंडे नगराध्यक्ष, विनोद मदनलाल मडावी बांधकाम सभापती, छन्नू भास्कर शिवणकर सभापती,***






अतुल रेड्डीवार नगर सेवक, रितेश लिल्हारे नगर सेवकराजू मेघराज जैन नगर सेवक, महेंद्र पुसाम, रविंद्र चुटे के साथ-साथ नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद थे। उद्घाटन के बाद, वार्ड नंबर 4 में नागरिकों को उक्त पानी के टैंकर के माध्यम से पीने का पानी बांटा गया। नगर पंचायत सालेकसा गर्मियों में नागरिकों को नियमित और पर्याप्त पानी की आपूर्ति देने के लिए प्रतिबद्ध है, और इस पहल से वार्ड के नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

# तिरोड़ा-तुमसर मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, मलपुरी के युवक की मौत..

जगप्रेरणा तिरोड़ा।

***तिरोड़ा-तुमसर मार्ग पर बुधवार रात एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा कार और मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में हुआ।***



मृतक की पहचान सौरभ उमेश बघेले, निवासी मलपुरी, के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दुर्घटना रात करीब 8 बजे हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

हादसे के बाद सफेद रंग की मारुति स्विफ्ट डिजायर (क्रमांक **MH35 AG 2785**) सड़क किनारे क्षतिग्रस्त अवस्था में खड़ी मिली। कार का अगला बायां हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय नागरिक और तिरोड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए तिरोड़ा ग्रामीण अस्पताल भेज दिया। वहीं कार चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। तिरोड़ा पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर आगे की जांच प्रारंभ कर दी है। इस हादसे से मलपुरी गांव में शोक की लहर फैल गई है।

# माहुरे परिवार की मदद के लिए आगे आए विधायक संजय पुराम

जगप्रेरणा देवरी।

***तालुकृत फुटाणा के निवासी सुरेश हरिश्चंद्र माहुरे पिछले कुछ दिनों से एक बेहद गंभीर और लाइलाज बीमारी से पीड़ित हैं।***



बीमारी के कारण उनकी पारिवारिक और आर्थिक स्थिति पूरी तरह से बदहाल हो चुकी है। घर की माली हालत खराब होने की वजह से उनके पास आगे के इलाज और दवाओं के लिए पैसे नहीं थे। ऐसी अत्यंत कठिन परिस्थिति में उन्होंने पुराडा जाकर विधायक संजय पुराम से मुलाकात की और अपनी व्यथा सुनाई। मरीज की गंभीर स्थिति और परिवार की लाचारी को देखते हुए जननेता संजय पुराम ने तुरंत 10 हजार रुपये की नकद आर्थिक सहायता प्रदान की। सुरेश माहुरे की स्थिति बेहद चिंताजनक होने के कारण उन्हें तुरंत किसी बड़े अस्पताल में ले जाना बेहद जरूरी था। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए संजय पुराम ने देवरी अस्पताल के डॉक्टरों से फोन पर संपर्क किया। उन्होंने डॉक्टरों को निर्देश दिए कि मरीज को आगे के बेहतर और उच्च स्तरीय इलाज के लिए तुरंत 'एम्स' **(AIIMS)** नागपूर में भर्ती कराया जाए। पिछले कुछ दिनों से इलाज के अभाव में निराश हो चुके माहुरे परिवार को संकट की इस घड़ी में पुराम के रूप में एक बड़ा सहारा मिला है। बिना समय गंवाए मिली इस आर्थिक मदद और नागपुर एम्स में इलाज के लिए मिले सही मार्गदर्शन से माहुरे परिवार के सदस्यों की आंखें भर आईं। पुराम द्वारा की गई इस संवेदनशील और समयोचित मदद के लिए माहुरे परिवार और फुटाणा के ग्रामीणों ने उनका दिल से आभार व्यक्त किया है।

## ।। जाहीरनामा ।।

प्रस्तुत जाहीरनाम्या व्दारे सर्व जनतेला सुचित करण्यात येते की, अर्जदार श्री उमेश भैय्यालाल पडवार रा. कटंगीकला, ता.जि. गोंदिया यांनी त्यांचे/त्यांचे आई ताराबाई भैय्यालाल पडवार यांची मृत्यु मौजा कटंगीकला ता.जि. गोंदिया येथे दि. 04/03/1995 झालेला आहे व सदर मृत्युची नोंद निबंधक, जन्म- मृत्यु नोंदणी कार्यालय, कटंगीकला येथे झालेली नाही। त्यामुळे सदरहू मृत्युची नोंद निबंधक, जन्म मृत्यु नोंदणी कार्यालय, कटंगीकला येथे घेण्याकरीता आदेश मिळणेबाबत मृत्यु नोंदणी अधिनियम, 1969 चे कलम 13 (3) अंतर्गत या कार्यालयात अर्ज सादर केला आहे। सबब अर्जदार- श्री उमेश भैय्यालाल पडवार रा. कटंगीकला, ता.जि. गोंदिया यांनी त्यांचे/त्यांचे आई ताराबाई भैय्यालाल पडवार यांची मृत्यु नोंद निबंधक, जन्म- मृत्यु नोंदणी कार्यालय, कटंगीकला येथे करण्याचे संबंधात कोणाचेही दावे / हरकती किंवा हितसंबंध असल्यास त्यांनी आपले दावे / हरकती 15 दिवसाच्या आत लेखी स्वरुपात या कार्यालयास सादर करावे. त्यानंतर प्राप्त होणाऱ्या आक्षेप/ हरकतींचा विचार केला जाणार नाही, याची कृपया नोंद घ्यावी।


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

### विश्व योगासन मे स्वर्ण पदक प्राप्त कर

## गोंदिया आगमन पर हुआ दिव्या भोजवानी का भव्य स्वागत..

**सिंधी समाज एवं गोंदिया जिला व्यापारी एसोसिएशन ने किया सत्कार..**





जगप्रेरणा गोंदिया।

***विश्व स्तरीय योगासन स्पर्धा का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों से अहमदाबाद में 4 जून से भव्य आयोजन किया गया, जिसमें अपने आयुवर्ग में गोंदिया की योग गुरु दिव्या भोजवानी ने प्रतिस्पर्धा में भाग लेकर अन्य देशों को परास्त करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया।***

दिव्या भोजवानी की इस सफलता से जहां गोंदिया का गौरव बढ़ा, वहीं दिव्या भोजवानी की सफलता से नगर में उत्साह का वातावरण भी देखा गया। दिव्या भोजवानी का आज 10 जून को योगासन विश्व चैम्पियनशीप में स्वर्ण पदक प्राप्त करने के उपरांत वापसी पर सिंधी समाज एवं नगर के व्यापारियों की संस्था गोंदिया जिला व्यापारी एसोसिएशन द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया, तथा शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर प्रमुख रुप से विनोद (गुड्डु) चांदवानी एवं व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष संजय जैन, सचिव राजेश्वर कनोजिया, महासचिव राजा इसरका, नारी चंदवानी, महेश आहूजा, आनंद अग्रवाल, राजकुमार खंडेलवाल, गिरधर भोजवानी, नितिन भोजवानी, सुसेनजीत सहा (नंटू), जय चौरसिया, रवि लधानी,राजू नोतानी, अनिल सम्राट, जयपाल नुनानी, अनिल भोजवानी, मिताली भोजवानी, चंद्रेश इसरका, अंकित हत्तीमारे, वीरेंद्र नागभिरे, आयुष जैन, हर्ष भोजवानी, मुकेश भोजवानी, दिव्या इसरका, शुभम इसरका आदि अनेक व्यापारीगण एवं सिंधी समाज की महिलाएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित थी।




गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..
जग प्रेरणा
चौरसिया पान सेंटर
जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया
मो. 08806083231

- सूचना -
यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 9860558902 पर संपर्क करे।

## राष्ट्रवादी कांग्रेस भवन, गोंदिया में उत्साहपूर्वक मनाया गया पार्टी का 27 वां स्थापना दिवस..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***आज 10 जून को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 27 वें स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस भवन, रेलटोली, गोंदिया में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लोकनेता स्वर्गीय अजितदादा पवार की स्मृति को***




विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह कार्यक्रम प्रदेश सचिव श्री विनोद हरिणखेडे तथा जिलाध्यक्ष श्री प्रेमकुमार रहांगडाले की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिले के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रहे सांसद प्रफुल पटेल के नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त करते हुए उनका आभार प्रकट किया। साथ ही नवनिर्वाचित सांसद राजेन्द्र जैन के निर्विरोध निर्वाचन पर उन्हें बधाई दी गई।

कार्यक्रम में विनोद हरिणखेडे, प्रेमकुमार रहांगडाले, राजलक्ष्मी तुरकर, शिव शर्मा, शहर अध्यक्ष नानू मुदलियार, केतन तुरकर, बालकृष्ण पटले, अशोक सहारे, अखिलेश सेठ, पूजा सेठ, कीर्ति पटले, कुंदा दोनोडे, वर्षा बैस, जया धावड़े, बिरजुला भेलावे, रुचिता चौहान, कल्लू यादव, आनंद ठाकुर, किशोर तरोने, गणेश बर्डे, टी. पटले, मोहन पटले, राजेश दवे, मनोज जोशी, सचिन अवस्थी, सुनील पटले, शैलेश वासनिक, विनोद पटले, विकास गेडाम, संजीव राय, राजू येडे, राज शुक्ला, रामू चुटे, किशोर कावड़े, कपिल बावनथड़े, कुणाल बावनथड़े, प्रल्हाद ऊके, आर. अग्रवाल, विनीत सहारे, नितिन टेंभरे, पंकज चौधरी, करण टेकाम, प्रीतम मोरघडे, श्रेयष खोब्रागडे, तुषार ऊके, प्रशांत मेश्राम, बिट्टू सोनपुरे, पलाश लालवानी, पंकज मिश्रा, हरवर्धन मेश्राम, वामन गेडाम, कृशकुमार जैस्वाल, पप्पू वज्जा, मनोहर दिएवार, चंदन गजभिये, बाजीराव तरोने, अजय उमाटे, शंकर टेंभरे, ब्रजभूषण बैस, हीरामन बड़ोले, जितेंद्र बड़ोले, हीरालाल साथवाने, दिनेश गेडाम, खालिद खान, पूरनलाल ऊके, सुरेश पटले, दुलीचंद मेश्राम, विजय नागपुरे, रवि मुंदडा, दर्पण वानखेड़े, गोविंद लिचढ़े, अनिल रहांगडाले, दिनेश पतेह, रवि पटले, विनोद कोहपकर, योगेश पतेह, मुनेश्वर कावड़े, रामेश्वर चौरागड़े, प्रकाश नेवारे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बढ़ते कदम संस्था गोंदिया द्वारा स्कॉलर स्टूडेंट अवार्ड' समारोह का भव्य आयोजन 14 जून को..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***प्रतिवर्षानुसार परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी 'बढ़ते कदम, सिंधू सेवा समिति गोंदिया' द्वारा 19 वां स्कॉलर स्टूडेंट अवॉर्ड समारोह आयोजित किया गया है। समाज के होनहार छात्रों को प्रोत्साहित करने और उनकी मेहनत को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित यह आयोजन रविवार, 14 जून को शाम 5 बजे से लिटिल वुड स्कूल (हरिकाशीनगर गोंदिया) में संपन्न होगा।***

**सिंधी समाज के प्रतिभावान विद्यार्थीयों का किया जायेगा शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह देकर भव्य सत्कार..**

'लक्ष्य- बढ़ते कदम' की थीम पर आधारित इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को 'स्कॉलर अवार्ड-2026' के खिताब से नवाजा जायेगा। इनमें दसवीं स्टेट बोर्ड एग्जाम में प्रवीण्यता प्राप्त करने वाले- धीरज सेवलानी, भाविका जीवंजा, जागृति अनवानी, जसनीतसिंग रामानी, सीबीएसई से युवल जेठानी, खनक हासानी, राहुल ठाकुर, आयुष हसरानी, दिया रामचंदानी, लक्ष्य प्रथ्यानी, अविनाश लधानी, सुप्रिया लधानी, आयुष अनवानी, वेदिका पंजानी, सन लधानी, सहज मनुजा, कक्षा 12 वीं कॉमर्स से बरखा मुलचंदानी, रोशनी चावला, ओमेश भगतानी, वंशिका छुटलानी, मनन ठकरानी, दिशा गंगवानी, शुभम मोटवानी, जिया केसवानी, कुलदीप लधानी, सोहम ठकरानी, लविना रंगलानी, दिशा गोपलानी, महिमा गलानी तथा 12 वीं सीबीएसई कामर्स से शब्द प्रथ्यानी, शुभम परयानी सहित कक्षा पांचवी व आठवीं के गवर्नमेंट स्कॉलरशिप प्राप्त ओम आसवानी, भावेश कोडवानी को सम्मानित किया जाएगा। वहीं 12 वीं सांइस के छात्र माधव नोतानी ने जेईई में 99.99 पर्सेंटाइल प्राप्त कर इंडिया में 25 वीं रैंक हासिल कर जिले सहित समाज का नाम रोशन किया है। चार्टर्ड एकाऊंटेसी की परीक्षा उत्तीण करने वाले सीए- विजया बजाज, जयेश रोचवानी, विनीता मुलचंदानी, समरीत भगतानी, यश रोचवानी, तमन्ना बख्तानी, सुमन जयसिंघानी, वंशिता परयानी को भी सम्मानित किया जाएगा।

इसके अलावा यूनिवर्सिटी से अंजली लीलवानी, वैशाली चावला, नेहा गलानी, वैशाली डोडानी तथा मेडिकल क्षेत्र से डॉ. सौम्या नुनानी, डॉ. स्पर्श रोचवानी तथा सीएस जानवी सुंदरानी तथा योग के क्षेत्र में विश्‍व योगासन स्वर्ण पदक विजेता दिव्या भोजवानी इनका भी शाल, श्रीफ्ल, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया जाएगा। समारोह में समाज के अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

**आयोजकों ने समाज बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने की अपील की है। बता दें कि, बढ़ते कदम... संस्था द्वारा संचालित यह समारोह समाज के मेधावी विद्यार्थियों और युवाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करता आ रहा है।**

## गोंदिया से नागपुर तक साईकिल चलाकर गोंदिया के देवानंद भंडारकर ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जगप्रेरणा गोंदिया।

***अगर दृढ़ इच्छाशक्ति और जुनून हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। इसका बेहतरीन उदाहरण गोंदिया के साइकिलिस्ट देवानंद भंडारकर ने पेश किया है। अपने जन्मदिन को खास अंदाज में मनाने के लिए***



**साईकिलिंग संडे ग्रुप के साथ नगराध्यक्ष सचिन शेंडे ने किया भंडारकर का अभिनंदन..**

उन्होंने गोंदिया से नागपुर स्थित प्रसिद्ध गणेश टेकड़ी मंदिर तक साइकिल से यात्रा की और दर्शन करने के बाद वापस गोंदिया भी साइकिल से ही लौटे। वर्तमान युद्ध जैसे हालातों को देखते हुए ईंधन की संभावित कमी और पेट्रोल बचत का संदेश देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का प्रयास भी उन्होंने किया है। उनका मानना है कि साइकिल चलाने से स्वास्थ्य बेहतर रहता है और समाज को भी इस दिशा में प्रेरित होना चाहिए। देवानंद भंडारकर हर वर्ष अपने जन्मदिन पर नागपुर के गणेश टेकड़ी मंदिर में दर्शन के लिए मोटरसाइकिल या कार से जाते थे। लेकिन इस वर्ष वे 'गोंदिया साइक्लिंग संडे' समूह से जुड़े, जहां से उन्हें साइकिलिंग की प्रेरणा मिली। इसके बाद उन्होंने गोंदिया से नागपुर तक लगभग 165 किलोमीटर की दूरी साइकिल से तय की। मंदिर में दर्शन करने के बाद उन्होंने साइकिल से ही वापसी यात्रा शुरू की और सुरक्षित रूप से गोंदिया पहुंच गए। इस तरह उन्होंने लगभग 330 किलोमीटर की पूरी यात्रा सफ्लतापूर्वक पूरी की। गोंदिया पहुंचने पर 'गोंदिया साइक्लिंग संडे' परिवार तथा नगर अध्यक्ष सचिन शेंडे द्वारा देवानंद भंडारकर का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

## गो स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र की वार्षिक सर्वसाधारण सभा संपन्न..




**जगप्रेरणा गोंदिया।** गो स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफमहाराष्ट्र की वार्षिक सर्वसाधारण सभा आमदार निवास नागपुर में संपन्न हुई। यह सभा पूर्व विधायक सुधाकर कोहड़े की अध्यक्षता में व महेंद्र धावडे शोएब सर की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुई। इस अवसर पर पूरे महाराष्ट्र राज्य से करीब 21 जिलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की प्रस्तावना करते हुए राज्य सचिव श्री अनिल सहारे ने बताया कि गो गेम एक बोर्ड गेम है जो एशियन गेम्स में शामिल हैं। उन्होंने सभी जिला प्रतिनिधियों से गेम को अपने जिले में प्रचार प्रसार करने को कहा। इस सभा जयवंत बोबाटे पालघर, मंगल जगताप, चोपड़े सर वर्धा, दीप्तेश लश्कर मुंबई उपनगर, रमेश हजारे भंडारा, वर्षा मेश्राम भंडारा, स्नेहल भगत मैडम नागपुर, दीपक वाडे जलगांव, मनीष अलगुरवार अकोला, कृष जायसवाल बुलढाणा, रिंकू पापड़कर गडचिरोली, श्याम तायवडे यवतमाल, उमेश चौरे नागपुर, एंड्रयू विल्सन पुणे, अमित कुमार चंद्रपुर, भावेश नागरिकर एकनाथ बर्वे गोंदिया प्रमुखता से उपस्थित थे। इस सभा में आगामी 2026-27 में होने वाले गो गेम के सभी आयु वर्ग की स्पर्धा लेने संबंधी चर्चा हुई तथा इस वर्ष शिरडी में राष्ट्रीय गो चैम्पियनशिप लेने की इच्छा सभी सदस्यों द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन जयवंत बोबाटे सर ने तथा आभार प्रदर्शन अनिल सहारे सर ने किया।




TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com